


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 15

ग्वालियर, सोमवार 10 अक्टूबर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## पिछले लोकसभा चुनाव में जिन 144 सीटों पर हारी थी भाजपा, वहां पीएम मोदी करेंगे 40 रैलियां

### भाजपा ने तैयार किया मिशन 2024 का खाका

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सन 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने का खाका तैयार कर लिया है। भाजपा ने 144 लोकसभा सीटों पर 40 रैलियां करने की तैयारी की है। ये वे सीटें हैं, जहां 2019 में उसे हार का सामना करना पड़ा था। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इन रैलियों को संबोधित करके इस बार स्थिति बदलने का प्रयास करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा प्रवास योजना फेज-2 के तहत भाजपा ने देश भर की 144 कमजोर या पिछले चुनाव में जहां हार का सामना करना पड़ा था, उन लोकसभा सीटों के लिए विशेष योजना बनाई है। इसके तहत पीएम नरेंद्र मोदी 40 जगहों पर 40 बड़ी रैलियां करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की ये 40 जनसभाएं सभी 40 क्लस्टर में होंगी।



बाकी 104 सीटों की जिम्मेदारी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों पर होगी, वे इन लोकसभा सीटों पर सघनता से रैलियां करेंगे। भाजपा की रणनीति यह है कि प्रवास के दौरान क्लस्टर प्रभारी स्थानीय हस्तियों के साथ बैठकें करेंगे। भाजपा के असंतुष्ट नेताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और उनकी समस्या का संभव समाधान निकाला जाएगा। प्रवास योजना फेज-2 के तहत केंद्र सरकार के सभी 40 मंत्रियों को 5 जिम्मेदारियां उठानी होंगी। पहली- कैंपेन प्लान को लागू करना, दूसरी- पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम चलाना, तीसरी- राजनीतिक प्रबंधन, चौथी- नैरेटिव सेट करना और पांचवीं- क्लस्टर के लोकसभा क्षेत्र में रात भर रहना।

भाजपा नेताओं के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। संघ से जुड़े संगठनों के स्थानीय अधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता क्षेत्रीय प्रभारी मंत्रियों व संगठन के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा बैठकों में मतदाताओं को भी शामिल करने का प्रयास किया जाएगा जिसमें वकील, डॉक्टर्स, प्रोफेसर्स, व्यवसाई और अन्य पेशेवर लोगों को टारगेट किया जाएगा। इस तरह 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हर एक मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करेगी।



### तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे पीएम मोदी, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को गुजरात की तीन दिवसी यात्रा पर पहुँचे। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी. आर. पाटिल तथा अहमदाबाद के महापौर किरीट परमार ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का ऊष्मापूर्ण एवं भावपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, मुख्य सचिव पंकज कुमार, पुलिस महानिदेशक आशिष भाटिया, वरिष्ठ सचिवों तथा अधिकारियों ने भी प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस तीन दिवसीय गुजरात यात्रा के दौरान मोढेरा (मेहसाणा), आमोद (भरूच), जामनगर तथा अहमदाबाद में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

## मैंने केजरीवाल जैसा झूठा आदमी नहीं देखा : सीआर पाटिल

**वडोदरा।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की ओर से यह कहने पर कि वह जन्माष्टमी के दिन पैदा हुए थे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कैलेंडर पलट दिया है। गुजरात में भाजपा के प्रदेश



अध्यक्ष सीआर पाटिल ने केजरीवाल के दावे को झूठा बताया। पाटिल ने कहा कि उन्होंने कभी ऐसा झूठा व्यक्ति नहीं देखा। पाटिल ने दावा किया कि केजरीवाल का जन्म जन्माष्टमी के एक दिन बाद हुआ था ना कि जन्माष्टमी के दिन। पाटिल ने कहा,मैंने केजरीवाल जैसा झूठा आदमी नहीं देखा है। वह मुख्यमंत्री हैं और जिम्मेदार पद पर हैं, लेकिन जिस तरह वह झूठ बोलते हैं, मेरे लिए प्रतिक्रिया देना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि वह 16 अगस्त 1968 को जन्मे। जन्माष्टमी 1968 में 15 अगस्त को थी। यदि उन्हें इसतरह की चीजों पर भी झूठ बोलने की जरूरत है, तब मैं समझ नहीं सकता। पाटिल ने केजरीवाल के बयान के बाद दावा किया है, जिसमें आप संयोजक ने कहा था कि वह जन्माष्टमी के दिन पैदा हुए और भगवान ने उन्हें कंस की औलदों का नाश करने के लिए भेजा है। पाटिल ने कहा कि केजरीवाल ने गुजरातियों को कंस कहा। पाटिल ने कहा, वह (केजरीवाल) गुजरात के लोगों को कंस कहा। गुजरात के लोग दयालु हैं, नहीं तब लोग उन्हें (राज्य में) घुसने नहीं देते। गुजरात के लोगों को कंस कह देना और फिर गुजरात में ही वोट मांगना, यह केवल यहीं संभव है, हिम्मत है, तब ऐसा किसी दूसरे स्थान पर करके दिखाएं।

## खास खबर

### ब्रिटेन में व्यापार मंत्री को किया बर्खास्त

**लंदन।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने व्यापार मंत्री कोनोर बर्न्स के खिलाफ गंभीर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। शिकायत की जांच की जा रही है। इसका मतलब है कि बर्न्स अब जांच पूरी होने तक संसद के एक स्वतंत्र सदस्य रहेंगे। एक प्रवक्ता ने कहा कि गंभीर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने कोनोर बर्न्सको तत्काल प्रभाव से मंत्री पद छोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस आरोप के बारे में सूचना मिलते ही प्रधानमंत्री ने सीधी कार्रवाई की और स्पष्ट है कि सभी मंत्रियों को व्यवहार के उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए, जैसा कि जनता उनसे उम्मीद करती है। बर्न्स ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। ट्विटर पर एक बयान में उन्होंने कहा कि उन्हें शिकायत के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है या इस बारे में कोई जानकारी प्रदान करने के लिए नहीं कहा गया है। बर्न्स 2010 से सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सरकार में कई मंत्री पदों पर रहे हैं। टोरी व्हिप कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा ?कि हमने इस सप्ताह की शुरुआत में अनुचित कदाचार के आरोपों की जांच लंबित रहने तक व्हिप को निलंबित कर दिया है। हम इस तरह के सभी आरोपों को बेहद गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक जीवन में उच्चतम मानकों को बरकरार रखा जाना चाहिए।

### उरण के पावर प्लांट में ब्लास्ट, इंजीनियर समेत तीन लोग घायल

**मुंबई।** रविवार को नवी मुंबई के पास उरण पावर स्टेशन में जोरदार धमाका हुआ. इस हादसे में 3 लोग घायल हुए हैं. घायलों में एक इंजीनियर और दो कर्मचारी शामिल हैं. सभी को नवी मुंबई के ऐरोली के अस्पताल में भर्ती किया गया है. ब्लास्ट के बाद बड़े पैमाने पर गैस लीकेज भी हुआ है. इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस प्रशासन और दमकल का दस्ता पहुंचा. दमकल की टीम आग और गैस पर काबू पाने का प्रयास कर रही है. बचाव अभियान के लिए कई दमकल गाड़ियों को लगाया गया है. ये धमाका रविवार दोपहर गैस आधारित थर्मल पावर प्लांट उरन गैस टर्बाइन पावर स्टेशन में हुआ है. मामले की जांच की जा रही है.

### मुलायम की हालत अब भी नाजुक, मेदांता ने जारी किया हेल्थ बुलेटिन

**गुरुग्राम।** किडनी और फेफड़ों की समस्या से जूझ रहे समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत एक हफ्ते बाद भी नाजुक बनी हुई है। मेदांता गुरुग्राम की तरफ से रविवार को जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन में बताया गया है कि मुलायम की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और वह जीवन रक्षक दवाओं के सपोर्ट पर हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मुलायम सिंह का आईसीयू में इलाज किया जा रहा है। मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि मुलायम सिंह का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में किया जा रहा है. उनकी हालत रविवार को काफी गंभीर हो गई। उन्हें जीवन रक्षक दवाएं दी जा रही है। इससे पहले शनिवार को जारी किए गए मेडिकल बुलेटिन में उनकी हालत गंभीर बताई गई थी। उधर सपा संरक्षक को देखने के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का पहुंचना लगातार जारी है। गौरतलब है कि पिछले रविवार को तबीयत बिगड़ने के बाद मुलायम सिंह को मेदांता गुरुग्राम में एडमिट कराया गया था। तब से उनकी तबीयत नाजुक बनी हुई है।

## पाकिस्तानी थलसेना प्रमुख जनरल बाजवा ने क्षेत्रीय शांति की अपील की

### बाजवा ने आगाह किया कि दुनिया बदल गई है, इसलिए हमें भी बदलना चाहिए

**करांची।** पाकिस्तान के थलसेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने क्षेत्रीय शांति और देशों के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान के लिए एक तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि दुनिया बदल गई है, इसलिए हमें भी



बदलना चाहिए, क्योंकि यथास्थिति की कीमत हम सभी के लिए विनाशकारी होगी। जनरल बाजवा नवंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और काकुल स्थित प्रतिष्ठित पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में उनका यह संभवतः अंतिम संबोधन था। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर क्षेत्रीय शांति और देशों के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान के लिए एक तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा ?कि हमें अपने सभी द्विपक्षीय मुद्दों का शांतिपूर्ण हल करने के लिए एक तंत्र विकसित कर शांति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। एक दूसरे से लड़ने के बजाय हमें भूख, गरीबी, निरक्षरता, जनसंख्या विस्फोट, जलवायु परिवर्तन और रोग से संयुक्त रूप से लड़ना चाहिए। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा कि दुनिया बदल गई है, इसलिए हमें भी बदलना चाहिये, क्योंकि यथा स्थिति की कीमत हम सभी के लिए विनाशकारी होगी।

## बाजार में सब्जी खरीदने निकलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण


**नई दिल्ली।** देश की वित्त मंत्री सीतारमण का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सब्जी खरीदते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो तमिलनाडु में चेन्नई के मायलापुर बाजार का है। शनिवार को वित्त मंत्री अचनाक बाजार की सब्जी मंडी पहुंच गई और खरीददारी करने लगीं। सब्जी खरीदने के साथ-साथ उन्होंने सब्जी बेचने वालों और स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।



सब्जी मंडी में पहुंचकर खरीदारी करने का वीडियो वित्त मंत्री के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से जारी किया गया है। वीडियो में वित्त मंत्री को शकरकंद और करेला खरीदते हुए देखा जा सकता है। सब्जी मंडी में देश की वित्त मंत्री को देखकर लोग हैरान भी हो गए थे। बाजार में मौजूद लोग वित्त मंत्री का वीडियो भी बनाने हुए नजर आए हैं। वित्त मंत्री की ओर से सब्जी खरीदते हुए वीडियो पर लोगों ने टिप्पणी भी की है। कई यूजर्स वित्त मंत्री से जीएसटी लेना नहीं भूलने की बात भी करते दिखे हैं। एक मिनट 30 सेकेंड के वीडियो में वित्त मंत्री अलग-अलग दुकानदारों के पास जाकर उनसे बात करती हुई और सब्जी खरीदती हुई नजर आईं हैं। वित्त मंत्री के साथ उनके कुछ और लोग भी नजर आ रहे हैं। संभवतः उनके सुरक्षा में लगे जवान या फिर ऑफिस स्टॉफ के लोग हो सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से सब्जी मंडी का यह दौरा ऐसे समय किया गया है जब देश में मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रही है। देश में खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान छु रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसी सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) में वृद्धि के दहाई अंकों में बने रहने की उम्मीद जताते हुए शनिवार को कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत स्थिति में है और जरूरतमंद वर्गों को मदद देने के लिहाज से जिम्मेदार भी है। सीतारमण ने बातचीत में जीडीपी वृद्धि को लेकर सकारात्मक रुख दर्शाया। इस दौरान उन्होंने उन खबरों का हवाला भी दिया जिनमें कहा गया था कि देश में मंदी का खतरा नहीं है।

## उ. कोरिया ने दो हफ्ते में सातवीं बार जापान की ओर दागी बैलेस्टिक मिसाइलें, बढ़ा तनाव

**टोक्यो।** उत्तर कोरिया के एक और मिसाइल टेस्ट के बाद जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने अलर्ट जारी किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उत्तर कोरिया द्वारा लॉन्च की गई मिसाइलें पूर्वी सागर में जाकर गिर गईं। उत्तर कोरिया की तरफ से कम दूरी वाली दो बैलेस्टिक मिसाइलों को लॉन्च किए जाने की जानकारी है। पिछले हफ्ते उत्तर कोरिया के एक मिसाइल टेस्ट के बाद जापान में अफरा-तफरी पैदा हो गई थी। मिसाइल टेस्ट की पुष्टि जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से भी की गई है। दक्षिण कोरियाई सूत्रों के अनुसार मिसाइलें रविवार को समुद्र में जाकर गिरी। यह टेस्ट ऐसे समय में किया गया है, जब पूर्वी सागर में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच एक ज्वॉइन्ट मिलिट्री ड्रिल जारी है। दक्षिण कोरिया के मिलिट्री ज्वॉइन्ट चीफ्स ऑफ स्टाफ की तरफ से बताया गया है कि यह दो हफ्तों में सातवां मिसाइल टेस्ट है। उन्होंने इसके अलावा कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया। इस टेस्ट के बाद लगातार उत्तर कोरिया की हरकतों पर नजर रखी जा रही है और चौकसी बढ़ाई जा रही है। जबकि सेना, अमेरिका के साथ आपसी सहयोग के साथ ही किसी भी घटना का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल परीक्षणों का बचाव किया गया है। उसका कहना है कि अमेरिका की तरफ से पैदा होने वाले खतरों के मद्देनजर ये परीक्षण किए जा रहे हैं। अमेरिका के अलावा उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया और जापान का नाम भी लिया। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि इस मिसाइल के बारे में जल्द से जल्द ज्यादा से ज्यादा जानकारी इकट्ठा की जाए और उसका विश्लेषण किया जाए।



## सन 2024 से पहले अमेरिका जैसी होंगी उत्तर प्रदेश की सड़कें : नितिन गडकरी

### गडकरी ने यूपी को दी 8000 करोड़ की सड़कों की सौगात, सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ की बैठक

**लखनऊ।** केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 81वें इंडियन रोड कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 से पहले उत्तर प्रदेश की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए 8 हजार करोड़ रुपए लागत वाली सड़क परियोजनाओं की घोषणा की।



केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अमेरिकन प्रेसीडेंट जॉन केनेडी की उस बात को हमेशा याद करता हूं जब उन्होंने कहा था कि अमेरिका की सड़कें इसलिए नहीं अच्छी हैं, क्योंकि अमेरिका धनी है। सच्चाई यह है कि अच्छी सड़कों की वजह से ही अमेरिका धनी है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मैंने सीएम योगी आदित्यनाथ जी से वादा किया है कि 2024 तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी। उन्होंने कहा कि समृद्धि सड़कों से ही आती है, लेकिन इसके लिए पूर्ण सहयोग की जरूरत होगी। हमें खर्चे को कम करते हुए सड़कों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। नितिन गडकरी ने कहा कि मैंने वादा किया था कि सन 2024 अंत तक यूपी को 5 लाख करोड़ की सड़क परियोजनाओं की सौगात दूंगा। आज मैं उसमे से 8 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाओं की घोषणा करता हूं। इसमें शाहाबाद-हरदोई बाईपास, शाहजहांपुर-शाहाबाद बाईपास, मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-काशीपुर बाईपास, गाजीपुर-बलिया बाईपास के अलावा 13 अन्य बाईपास को सरकार की तरफ से मंजूरी दी गई है, जिसकी कीमत 8,000 करोड़ है। अच्छी सड़कों को बनाने के लिए सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है। इंडियन रोड कांग्रेस में हिस्सा ल लेने के बाद नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाक़ात की। इस दौरान प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण पर भी चर्चा हुई।

## अयोध्या में तेज गति से चल रही मंदिर निर्माण का काम, गर्भगृह का 40 प्रतिशत काम पूरा

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में रामलला के जन्म स्थली पर राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। रामलला के गर्भगृह का निर्माण का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। गर्भगृह के निर्माण में तराशे गए पत्थरों को एक के बाद एक सात सतह में लगाया है। मंदिर निर्माण की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर कर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि पत्थरों से निर्माण किए जा रहे मंदिर का संपूर्ण कार्य एक साथ किया जा रहा है।



मंदिर के प्रथम तल में प्रवेश द्वार से लेकर सिंह मंडप तक गर्भगृह के साथ निर्माण किए जाएंगे। सूत्रों की माने तब इसके बाद 166 स्तंभों का निर्माण कार्य शुरू होगा है। इस लेकर गर्भगृह सहित पूरे मंदिर के प्रथम तल निर्माण को बारीकी से कराया जा रहा है। मंदिर दीर्घायु हो इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति से मंदिर बनाया जा रहा है। जिसके लिए जरूरी है कि मंदिरों की हर एक परत एक लेयर में हो। जिसमें 1 मिलीमीटर का भी अंतर नहीं होना चाहिए। इसकारण तय मानक के अनुरूप मंदिर निर्माण एक्सपर्ट की देखरेख में चल रहा है। राम जन्मभूमि में रामलला का मंदिर दिसंबर 2023 तक बनकर तैयार होना है। मंदिर के प्रथम तल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस लेकर एलएनटी और टाटा के इंजीनियर 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। मंदिर निर्माण में भूतल पर पूरब-पश्चिम दिशा में लंबाई 380 फिट है। भूतल पर उत्तर दक्षिण दिशा में चौड़ाई 250 फीट है। जिसमें बलुआ पत्थर के 166 स्तंभ, प्रथम तल में 144 और दूसरे तल में 82 स्तंभ बनाए जाएंगे यानी मंदिर में कुल 392 स्तंभ होने हैं। श्री राम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव राय ने कहा कि पत्थर से बन रहे मंदिर का संपूर्ण काम एक साथ किया जाता है। पत्थर से बनाए जाने वाले मंदिर के निर्माण का काम टुकड़ों में नहीं होगा।

## भाजपा के शासन में असम व पूर्वोत्तर के अन्य राज्य विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेः अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 8 साल के शासन के दौरान असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्य शांति व विकास के मार्ग पर आगे बढ़े हैं। शाह ने असम की राजधानी गुवाहाटी में पार्टी के नवनिर्मित राज्य कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद दावा किया कि आजादी के बाद से 1970 के कांग्रेस शासन ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को हिंसा और अराजकता की ओर धकेल दिया था, जबकि पिछले 8 सालों के दौरान मोदी के नेतृत्व ने इस क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद की है। उन्होंने कहा कांग्रेस शासन के दौरान न शांति थी, न विकास हुआ और न इन राज्यों ने विकास किया और यहां तक कि क्षेत्र की संस्कृति को भी नुकसान हुआ था। सन 2014 से 2022 के बीच यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अमित शाह ने कहा मोदी जी एक बड़े बरगद के पेड़ की तरह हैं, जिनकी छाया में यह क्षेत्र उनके द्वारा निर्धारित विकास लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है।



केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के दौरान वह एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में कई बार यहां आए थे, और कई बारकांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया के निर्देशों के तहत उन्हें बुरी तरह पीटा गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 9,000 उग्रवादियों से हथियार डलवाकर असम में शांति स्थापित की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बजट को तिगुना कर दिया है, जिससे सभी क्षेत्रों में ढांचागत विकास हुआ है। शाह ने कहा 2006-14 के दौरान राज्य में उग्रवादियों की संख्या 8,700 थी, जबकि हिंसा में 500 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। हालांकि, 2014 से 2022 के बीच उग्रवादियों की संख्या घटकर 250 रह गई और हिंसा के कारण 127 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा, राहुल बाबा (कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए) सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (आफ्स्पा) को पूरी तरह से हटाने की बात करते हैं, जो केवल बयानबाजी है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र में एक ऐसा माहौल बना दिया है जिसके कारण अधिनियम को इस क्षेत्र के 60 प्रतिशत से निरस्त कर दिया गया, जहां यह पहले लागू था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### शेफाली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया नया रिकार्ड

**ढ़ाका** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में नया विश्व रिकार्ड बनाया है। शेफाफी ने महिला विश्वकप में मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ 55 रनों की पारी खेलने के साथ ही लय हासिल करने के साथ ही इस सबसे छोटे प्रारुप में अपने 1000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन भी पूरे किये हैं। इस बल्लेबाज ने ये रन केवल 18 साल और 253 दिन की उम्र में बनाये हैं। इस प्रकार शेफाली सबसे कम उम्र में 1000 टी20 रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं। उन्होंने इस रिकॉर्ड को बनाने के दौरान अपनी वतन साथी जेमिमा रोड्रिगेड को भी पीछे छोड़ दिया। जेमिमा ने ये रन 21 साल 32 दिन की उम्र में बनाये थे। गौरतलब है कि शेफाली पिछले कुछ समय से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण दबाव में थी। अ मेजबान टीम के खिलाफ अहम मुकाबले में उसने तेज अर्धशतक लगाकर अच्छी वापसी की है। इस मैच के दौरान शेफाली ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी अपने अच्छे प्रदर्शन से सबक ध्यान खींचा है। अब तक शेफाली ने कुल 43 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 1036 रन बनाए हैं जिसमें 4 अर्धशतकीय पारी शामिल है। शेफाली ने प्रारुप में सबसे ज्यादा 73 रन बनाये हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर तेज गेंदबाजों को मिलेगा मौका: हेजलवुड

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के अनुसार हमारे मैदानों की लंबी बाउंड्री और उछाल भरी पिचों का लाभ तेज गेंदबाजों को मिलेगा। हेजलवुड ने कहा, 'यह देखने के लिए टी20 एक शानदार परीक्षा होगी थी कि हम कहां हैं। कई खिलाड़ियों को खेल में सबसे अच्छे आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ सबसे छोटी बाउंड्रियों पर अंत में गेंदबाजी करने का मौका मिला। इससे उन्हें नुकसान हुआ। उन्होंने साथ ही कहा, 'हम हमेशा बेहतर करने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि आप निश्चित समय पर कौन से क्षेत्र चाहते हैं, आप कौन सी गेंद फेंक रहे हैं, आप इसे कैसे ढाल रहे हैं। यह सब आप पर आधारित रहता है।' इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में टी20 गेंदबाजों के लिए कई मामलों में बेहतर अवसर हैं। हमारे मैदान बड़े हैं, तेज विकेटों और बड़ी बाउंड्री के जरिये गेंदबाज बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं।'

### आजम ने की विराट और रोहित के एक रिकार्ड की बराबरी

**क्राइस्टचर्च** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने न्यूजीलैंड में जारी त्रिकोणीय सीरीज में मेजबान टीम के खिलाफ 79 रनों की की पारी खेलने के साथ ही टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली। बाबर ने इस मैच में 79 रनों की पारी खेली। बाबर ने 53 गेंद का सामना करते हुए 79 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने कुल 11 चौके जमाए। उनकी इस पारी की सहायता से पाक ने यह मैच भी जीत लिया। टी20 इंटरनेशनल में विराट ने 28 अर्धशतक 84 पारियों में पूरे किए थे। वहीं बाबर ने भी अपनी 84 वीं पारी में अपना 28 अर्धशतक लगाया। यह उनका लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 वां अर्धशतक था। ऐसे में अब वह रोहित के 12 अर्धशतक की बराबरी पर पहुंच गये हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा 19 अर्धशतक बनाने का रिकार्ड संयुक्त रूप से विराट और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के का नाम है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत के साथ सीरीज में वापसी को उतरी भारत

**रांची** । टीम इंडिया यहां रविवार को मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में जीत के साथ ही सीरीज में वापसी के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह सीरीज में 1-0 से पीछे हैं। पहले मैच में संजू सैमसन की शानदार पारी के बाद भी भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। तेज गेंदबाज दीपक चाहर टखने की चोट के कारण इस मैच में भी नहीं खेलने। इससे टीम को झटका लगा है क्योंकि वह गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। ।

वहीं पहले एकदिवसीय मोहम्मद सिराज और आवेश खान अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये थे। ऐसे में इस मैच में नये तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को अवसर मिल सकता है। वहीं इस सीरीज के लिए उपकप्तान बने श्रेयस अय्यर इस मैच में भी पहले एकदिवसीय की तरह ही अच्छे रन बनाकर टी20 विश्व कप के लिए अपनी संभावनाएं बढ़ाना चाहेंगे। इसका कारण है कि अय्यर टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व बल्लेबाजों में से है। टीम के लिए पहले मैच में राहत की बात यह रही कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन अच्छा रहा। सैमसन ने 63 गेंद में 86 रन बनाये और मध्यक्रम को स्थिरता दी। वहीं कप्तान शिखर धवन इस मैच में शुभमन गिल के साथ टीम को अच्छी शुरुआत देना चाहेंगे। वह और शुभमन इस मैच में बड़ा स्कोर बनान चाहेंगे।

वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीका टीम इस मैच में भी जीत दर्ज कर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। इस मैच में जीत से उन्हें सुपर लीग के लिए अंक मिलेंगे जिससे उन्हें अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। टीम के लिए चिन्ता की बात यह है बावुमा लय में नहीं हैं जिससे टीम के लिए बड़ा स्कोर बनाना कठिन हो रहा है। वहीं पिछले मैच में शानदार पारी खेलने वाले डेविड मिलर से टीम को इस बार भी अच्छे रनों की उम्मीद रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं। भारत-** शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शारदुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर। **दक्षिण अफ्रीका-** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज जानेमन मालन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्खिया, वेन पार्नेल, एंडिले फेहलुकवेओ, ड्वेन प्रिटोरियस, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी।

महिला एशिया कप

## शैफाली की शानदार पारी से भारतीय टीम जीती

**सिलहट** । शैफाली वर्मा की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान टीम बांग्लादेश को 59 रनों से हराकर अंकतालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 159 रन बनाये। इस प्रकार बांग्लादेश को जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की महिला टीम सात विकेट पर केवल 100 रन ही बना पायी। इस प्रकार भारतीय टीम ने 59 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। मेजबान टीम की ओर से केवल कप्तान निगार सुल्ताना 36 और फरगना हक 30 रन बना पायीं। वहीं अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायीं और सस्ते में ही सिमट गयीं। भारत की ओर से शैफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय टीम की कप्तानी कर रही स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए शैफाली वर्मा ने केवल 44 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी खेली, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने नाबाद 35 रन बनाए। शैफाली के अलावा मंधाना ने 38 गेंदों में 47 रन बनाये।

इसके बाद जेमिमा और दीप्ति शर्मा ने 2.3 ओवर में ही 29 रन बना दिये। दीप्ति ने 10 रन बनाये। शैफाली को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

भारतीय टीम ने इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिया है और ऐसे में स्मृति मंधाना टीम की कप्तानी करेंगे। इस मैच में हरमनप्रीत कौर के अलावा भारतीय टीम ने शैफाली वर्मा , किरण नवगिरे को शामिल किया जबकि हेमलता और राधा यादव को भी आराम दिया है। वहीं मेजबान टीम ने शमीना सुल्तान की जगह लता मंडल को जगह दी।

## चाहर के घुटने में चोट लगी , टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर का भी ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार चाहर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए पहले एकदिवसीय मुकाबले से पूर्व हुए अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे। टीम इंडिया पहले ही मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह व ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के विश्व कप से बाहर होने से परेशान है। अब अगर चाहर भी बाहर होते हैं तो भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावित होना तय है। अब तक माना जा रहा था कि बुमराह की जगह पर चाहर को शामिल कर लिया जाएगा। चाहर की चोट कितनी गंभीर है अभी इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चाहर के टखने में अभ्यास सत्र के दौरान चोट आई है हालांकि यह ज्यादा गंभीर नहीं नजर आ रही है। इसके बाद भी उन्हें कुछ दिनों के लिए आराम दिया जा सकता है। ऐसे में अब टीम प्रबंधन को देखना होगा कि उन्हें शामिल किया जाए या नहीं क्योंकि उन्हें टी20 विश्व कप के लिए स्टैंड बाई खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है।' गौरतलब है कि चाहर हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में शानदार लय में नजर आए थे। उन्होंने युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ शानदार गेंदबाजी कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## विश्वकप में आक्रामक रुख अपनाएगी भारतीय टीम नीलकांत

**नई दिल्ली** । भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर नीलकांत शर्मा ने कहा कि अगले साल होने वाले विश्वकप में उनकी टीम आक्रामक रुख अपनाने की रणनीति अपनाएगी जिससे विरोधी टीमों पर दबाव बनाया जा सके। नीलकांत के अनुसार इसके साथ ही प्रयास रहेगा कि टीम की रक्षापंक्ति किसी भी हमले को बेहतर प्रकार से रोके जिससे की गोल का बचाव भी किया जा सके। भारतीय टीम बर्मिंघम राष्ट्रमण्डल खेलों में अपने गोल का बचाव नहीं कर पायी थी इससे उसे फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों सात गोल से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान देखा गया कि भारतीय टीम अपने गोल कर बचाव नहीं कर पायी। .नीलकांत ने कहा,'' हम अभ्यास शिविर शुरू होने के बाद से ही राष्ट्रमण्डल खेलों के अपने मैचों के वीडियो देख रहे हैं और हम यह तय किया है कि हम भविष्य में शुरूआत में गोल न होने दें क्योंकि इससे विरोधी टीम को हावी होने का अवसर मिल जाता है। '' उन्होंने कहा, ''यदि हम अच्छी शुरुआत करते हैं तो फिर पूरे मैच में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।'' विश्वकप में भारत को इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। भारतीय टीम अपना पहला मैच 13 जनवरी को राउरकेला में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। नीलकांत ने कहा, ''विश्वकप के ग्रुप चरण में हमें कुछ तगड़ी टीमों का सामना करना पड़ेगा और ऐसे में अच्छी शुरुआत बेहद अहम रहेगी।''



ऑकलैंड में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्वकप रग्बी में भाग लेती हुई खिलाड़ी।

## व्यापार न्यूज

### अमेरिका की सेमीकंडक्टर निर्यात पर सख्ती नियमों का उल्लंघन: चीन

**बीजिंग** । चीन ने उन्नत कंप्यूटर चिप के विनिर्माण की राह में रोड़े अटकाने वाले अमेरिका के सख्त निर्यात कदमों की आलोचना करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापारिक नियमों का उल्लंघन करता है और उल्टे अमेरिका को ही अलग-थलग कर देगा। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका ने यह कदम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चीन की कंपनियों को दबाने और उन्हें जानबूझकर रोकने के लिए निर्यात नियंत्रण के कदम का दुरुपयोग कर रहा है। यह न सिर्फ चीनी कंपनियों के वैध अधिकारों एवं हितों को चोट पहुंचाएगा बल्कि इससे अमेरिकी कंपनियों के हित भी प्रभावित होंगे। चीन ने यह प्रतिक्रिया अमेरिका की तरफ से एक दिन पहले उच्च क्षमता वाले कंप्यूटर चिप एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण उपकरणों के निर्यात पर सख्ती बरतने वाले कदम उठाने के बाद दी है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि चीन में सेमीकंडक्टर विनिर्माण या सुपर कंप्यूटर बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के निर्यात के लिए नए लाइसेंस की जरूरत होगी। अमेरिका ने इसे अपने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति हितों के संरक्षण के लिए उठाया गया कदम बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को भी राजनीति एवं हथियार की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश है लेकिन चीन की प्रगति को यह रोक नहीं पाएगा।

### मेक्सिको में एचसीएल टेक 1300 लोगों को देगी रोजगार

नई दिल्ली । तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख कंपनी एचसीएल टेक ने मेक्सिको में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले दो वर्षों में 1300 लोगों को नियुक्त करने की योजना की घोषणा की। वर्तमान में देश में आईटी कंपनी के 2,400 कर्मचारी हैं। कंपनी ने ग्वाडलजारा में अपनी 14वीं वर्षगांठ समारोह में मेक्सिको में विस्तार योजनाओं की भी घोषणा की। मेक्सिको में एक प्रमाणित शीर्ष नियोक्ता एचसीएलटेक ग्वाडलजारा में अपना छठा प्रौद्योगिकी केंद्र भी खोलेगा। मेक्सिको में अमेरिका और कार्यकारी प्रायोजक के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष अजय बहल ने कहा कि हम अपने ग्राहकों और भागीदारों के साथ मजबूत साझेदारी करने के लिए भाग्यशाली हैं क्योंकि हम मेक्सिको में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सोना 51 हजार के पार निकला, चांदी में भी आया उछाल

**नई दिल्ली** । भारतीय सर्राफा बाजार में सोना की साप्ताहिक कीमतों में तेजी आई है। वहीं चांदी भी महंगी हुई है। इस कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 1,378 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है जबकि चांदी के भाव में 3,531 रुपए प्रति किलोग्राम का उछाल आया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजीए) की वेबसाइट के मुताबिक, 3 से 7 अक्टूबर की शुरुआत में 24 कैरेट सोने की कीमत 50,387 थी, जो शुक्रवार तक बढ़कर 51,765 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 57,317 से बढ़कर 60,848 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। बता दें कि आईबीजीए की ओर से जारी कीमतों से अलग-अलग सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है। ये सभी दाम टैक्स और मेकिंग चार्ज के पहले के हैं। आईबीजीए द्वारा जारी किए गए दरें देशभर में सर्वमान्य हैं लेकिन इसकी



कीमतों में जीएसटी शामिल नहीं होती है। बीते एक सप्ताह में सोने की कीमतें 3 अक्टूबर को 50,387 रुपए प्रति 10 ग्राम, 4 अक्टूबर को 51,286 रुपए प्रति 10 ग्राम, 5 अक्टूबर को मार्केट हॉलिडे, 6 अक्टूबर को 51,838 रुपए प्रति 10 ग्राम और 7 अक्टूबर को 51,765 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। वहीं बीते एक सप्ताह में चांदी की कीमतें इस प्रकार रही- 3 अक्टूबर 57,317 रुपए प्रति किलोग्राम, 4 अक्टूबर 61,034 रुपए प्रति किलोग्राम, 5 अक्टूबर मार्केट हॉलिडे, 6 अक्टूबर 60,670 रुपए प्रति किलोग्राम और 7 अक्टूबर 60,848 रुपए प्रति किलोग्राम। गौरतलब है कि जेम्स और ज्वेलरी निर्यात में 2021-22 में तेजी आई है और पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह करीब 55 फीसदी बढ़कर 39.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंडस्ट्री बॉडी जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) ने बताया कि रत्न एवं आभूषण का ग्रॉस निर्यात 2020-21 में 25.40 अरब डॉलर रहा।

## त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री तेजी आने की उम्मीद

**नई दिल्ली** । ऑटो उद्योग को उम्मीद है कि इस त्योहारी सीजन में नई पेशकश और उत्पादन बढ़ने से कारों की बिक्री तेजी से होगी। हालांकि, त्योहारों के बाद उद्योग कारोबार को लेकर सतर्क रूप से आशावादी है। त्योहारी सत्र में आमतौर पर ऑटोमोबाइल की बिक्री में बढ़ोतरी होती है। इस साल त्योहारी सत्र 11 अगस्त को रक्षाबंधन से शुरू होकर 25 अक्टूबर को दिवाली तक चलेगा। ऑटोमोबाइल डीलरों के निकाय के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि नई पेशकश और बेहतर उत्पादन गतिविधियों के चलते इस साल त्योहारी सत्र यात्री वाहनों की बिक्री के लिहाज से सबसे अच्छा रहेगा।उन्होंने बताया, ''उद्योग पिछले 4-5 महीनों में औसतन तीन लाख से अधिक इकाइयों का उत्पादन कर रहा है। इससे खुदरा विक्रेताओं को मदद मिली है।''

आने वाले दिनों में कुछ चुनौतियों के बारे में पूछने पर उन्होंने देश के कुछ हिस्सों में अनिश्चित मानसून, मुद्रास्फीति के दबाव और चीन-ताइवान युद्ध के आसन्न खतरे का जिक्र किया। फाडा देश भर में 15,000 से अधिक ऑटोमोबाइल डीलरों का प्रतिनिधित्व करता है। किआ इंडिया के उपाध्यक्ष और सेल्स हेड हरदीप सिंह बराड़ के मुताबिक ऐसे संकेत हैं कि सप्लाई चेन के मुद्दे अब कम हो रहे हैं और बाजार की धारणा तेज बनी हुई है।टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन) शैलेश चंद्र ने कहा कि कंपनी को त्योहारी सत्र के अंत तक ग्राहकों की मांग के बारे में कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि दूसरी तिमाही में बेहतर सेमीकंडक्टर उपलब्धता के साथ वाहनों की आपूर्ति में सुधार होगा। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दर ऑटो मांग को प्रभावित कर सकती है, हालांकि दूसरी तिमाही में कोई तनाव नहीं है। बता दें कि देश में ऑटो सेक्टर में डिमांड बनी हुई है।

## हरियाणा और छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल महंगा

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली थी। ब्रेंट क्रूड 97.92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 92.64 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर सरकारी तेल कंपनियों ने देश में पेट्रोल-



डीजल की नई कीमतें जारी कर दी है। हालांकि, कीमतों में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला है। छत्तीसगढ़ में 0.50 रुपए बढ़कर पेट्रोल 103.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.55 रुपए पर पहुंच गया है। गुजरात में पेट्रोल 0.70 रुपए गिरकर 96.42 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.17 रुपए का हो गया है। इसके अलावा हरियाणा में पेट्रोल 0.19 रुपए सस्ता होकर 97.24 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। राजस्थान में पेट्रोल 0.45 रुपए गिरकर 108.36 रुपए और डीजल 93.61 रुपए हो गया है। वहीं पंजाब व उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपए और डीजल 89.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### देशों में निर्यात होता है भारतीय नमक

**अहमदाबाद** । राजपति द्रोपति मुर्मू के गुजरात दौरे के दौरान नमक काफी चर्चित हो गया गुजरात के नमक का दायरा बहुत बड़ा है भारत का नमक 76 देशों में निर्यात होता हैइसमें गुजरात राज्य का योगदान 76।7 फ़ीसदी है।इसके बाद तमिलनाडु 11।16 फ़ीसदी राजस्थान 9।86 फ़ीसदी तथा अन्य राज्यों से मात्र 2।28 फ़ीसदी नमक निर्यात किया जाता है। सबसे ज्यादा आयात करने वाले देश भारत का नमक सबसे ज्यादा नेपाल जाता है। नेपाल 20.56 लाख टन दुबई में 13.29 लाख टन सिएरालियोन मे 10.98लाख टन लाइबेरिया तथा 7.88 लाख टन तथा ओमान में 7.39 लाख टन नमक आयात किया है।

## इस सप्ताह टीसीएस, इन्फोसिस के नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली** । इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। इसके अलावा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े तथा वैश्विक रुझान भी बाजार को दिशा देंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि रुपए की चाल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रुपया इस समय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। एक बाजार विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की नजर आईआईपी, खुदरा और थोक मुद्रास्फीति जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो और एचडीएफसी बैंक के तिमाही नतीजे भी आने हैं। अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुझान, मुद्रा और कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव पर सभी की निगाह रहेगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 764.37 अंक के लाभ में रहा। दशहरा के मौके पर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहे हैं। ऐसे में बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के बाजारों की नजर फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर रहेगी, जो इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक निवेशकों की नजर अमेरिका और चीन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर भी थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के साथ तिमाही परिणामों की शुरुआत होगी। बाजार का ध्यान इस सप्ताह तिमाही नतीजों पर रहेगा। खासकर आईटी क्षेत्र की कंपनियों के परिणामों पर। इसके अलावा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे।

### सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली** । बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,01,043.69 करोड़ रुपए बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 37,581.61 करोड़ रुपए बढ़कर 16,46,182.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 22,082.37 करोड़ रुपए का उछाल आया और यह 11,21,480.95 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 16,263.25 करोड़ रुपए बढ़कर 6,10,871.36 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक की 13,433.27 करोड़ रुपए के लाभ के साथ 6,14,589.87 करोड़ रुपए रही। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 6,733.19 करोड़ रुपए बढ़कर 4,22,810.22 करोड़ रुपए पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 4,623.07 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 7,96,894.04 करोड़ रुपए रही। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 326.93 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,44,563.66 करोड़ रुपए रहा। इस रुख के विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 23,025.99 करोड़ रुपए के नुकसान से 6,10,623.53 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत में 3,532.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,41,386.80 करोड़ रुपए रह गई।

# घर की इस दिशा में लगाएं मां अन्नपूर्णा की तस्वीर









हिंदू धर्म में देवी-देवताओं को बहुत ही सम्मान दिया गया है। घर में इनकी मूर्ति या तस्वीर भी लगाई जाती है। परंतु वास्तु शास्त्र के अनुसार, इन तस्वीरों को भी लगाने की कोई दिशा बताई गई है। मां अन्नपूर्णा की तस्वीर भी बहुत से लोग अपने घर में लगाते हैं। मां की तस्वीर घर में लगाने से कभी भी पैसे और अन्न की कमी नहीं होती। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मां अन्नपूर्णा की तस्वीर किस दिशा में लगानी चाहिए, आज आपको इसके बारे में बताएंगे। तो चलिए जानते हैं...

### आग्नेय दिशा में

मां अन्नपूर्णा की तस्वीर घर के आग्नेय कोणे में लगानी चाहिए। यह कोणा बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस कोणे में मां की तस्वीर लगाने से घर में सौभाग्य और सुख-समृद्धि आती है। इसके अलावा घर के सदस्यों का स्वास्थ्य भी एकदम अच्छा रहता है।

### वास्तु दोष होगा ठीक

घर की आग्नेय दिशा में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर लगाने से घर का वास्तु दोष भी ठीक होता है। मां अन्नपूर्णा का संबंध अन्न से होता है। इसलिए उन्हें मां अन्नपूर्णा कहते हैं। किचन में मां की तस्वीर रखना बहुत ही शुभ माना जाता है।

### रसोई के भंडार रहते हैं भरे हुए


यदि आप मां अन्नपूर्णा की तस्वीर अपनी किचन में लगाते हैं तो आपके घर में कभी भी पैसे की कमी नहीं होगी। रसोई में इसे लगाने से खाने में भी पवित्रता और सात्विकता आती है। घर में पॉजिटिवटी भी बढ़ती है।

### मान-यश की होगी प्राप्ति

मान्यताओं के अनुसार, देवी अन्नपूर्णा को चढ़ाई गई मूंग की दाल गाय को खिलानी चाहिए। इससे आपको मान और यश की प्राप्ति होगी।

### भगवान शिव ने दिया था मां अन्नपूर्णा को वरदान

मान्यताओं के मुताबिक, भगवान शिव ने अन्नपूर्णा मां से भिक्षा मांगी थी। जिसके बाद उन्हें स्वंय शिव जी ने वरदान दिया था।



# घर से हटा दें नकारात्मक ऊर्जा वाली वस्तुएं



**जीवन में सभी खुशहाली चाहते हैं पर कई बार हमें काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिलती। वास्तुशास्त्र के अनुसार कुछ चीजों से घर में नकारात्मकता आती है। इन नकारात्मक ऊर्जा वाली वस्तुएं घर में रखने से मनुष्य को दुर्भाग्य और गरीबी का सामना भी करना पड़ जाता है। ऐसी चीजों को भूलकर भी घर में नहीं रखना चाहिए।**

- वास्तु के अनुसार देवी-देवताओं की फटी और पुरानी तस्वीरें या खंडित हुई मूर्तियों से भी आर्थिक हानि होती है। इसलिए उन्हें किसी नदी में प्रवाहित कर देना चाहिए।
- अक्सर लोगों के घरों में फटे-पुराने कपड़ों की एक पोटली होती है। फटे-पुराने कपड़ों या चादरों से भी घर में नकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। इस तरह के कपड़ों को दान कर देना चाहिए या इसका किसी और काम में उपयोग करना चाहिए।
- किसी भी तरह की टूटी-फूटी या गैर-जरूरी वस्तु को घर में नहीं रखना चाहिए। इससे घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है, जिसके कारण लक्ष्मी का आगमन रुक जाता है।
- घर की छत पर पड़ी गंदगी से भी पैसों की तंगी को बढ़ सकती है। इससे परिवार की बरकत पर बुरा प्रभाव पड़ता है। घर की छत पर कबाड़ा या फालतू सामान बिल्कुन न रखें।
- कई लोग अपने घर में अनावश्यक पत्थर, नग, अंगुठी, ताबीज जैसे सामान रख देते हैं। बिना इस जानकारी के कि कौन-सा नग फायदा पहुंचा रहा है और कौन-सा नग नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए इस तरह के सामान को घर से बाहर निकाल दें।
- कहते हैं कि ताजमहल का चित्र, डूबती हुई नाव या जहाज, फव्वारे, जंगली जानवरों के चित्र और कांटेदार पौधों के चित्र घर में नहीं लगाना चाहिए। इससे मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है और लगातार इन चित्रों को देखते रहने से जीवन में अच?छी घटनाएं घटना बंद हो जाती हैं।
- घर या दुकान की कोई भी अलमारी टूटी हुई नहीं होना चाहिए। टूटी अलमारी पैसों के नुकसान का कारण बनती है। इसके अलावा काम न होने पर अलमारी को हमेशा बंद करके रखें।
- घर में बनने वाले मकड़ी के जाले तुरंत हटा दें, इनसे आपके अच्छे दिन बुरे दिनों में बदल सकते हैं। मकड़ी के जाले से घर-दुकान में कई तरह के वास्तु दोष पैदा होते हैं, इसलिए घर-दुकान में इसका होने अशुभ माना जाता है।
- आपके घर में टूटी हुई चेयर या टेबल पड़ी है तो उसे तुरंत घर से हटा दें। ये आपके पैसों और तरक्की को रोक देती है।
- बंद घड़ियां भी घर से जितनी जल्दी हो सके हटा दीजिए। बंद घड़ी प्रगति को रोक देती है।

# रोटी भी बदल सकती है किस्मत

रोटी, कपड़ा और मकान यह इंसान की 3 सबसे पहली जरुरत है। रोटी के कुछ ऐसे उपाय हमें किताबों में मिलते हैं जो आश्चर्य में डाल देते हैं. आइए जानते हैं कुछ ऐसे टोटके रोटी के, जो हमारा नसीब भी बदल सकते हैं.

घर की रसोई में पहली रोटी सेंकने के बाद उसमें शुद्ध घी लगाकर चार टुकड़े कर लें और चारों टुकड़ों पर खीर अथवा चीनी या गुड़ रख लें। इसमें से एक को गाय को, दूसरे को कुत्ते को, तीसरे को कौवे को और चौथे को किसी भिखारी को दे दें। इस उपाय के तहत गाय को रोटी को खिलाने से पितृदोष दूर होगा, कुत्ते को रोटी खिलाने से शत्रुभय दूर होगा, कौवे को रोटी खिलाने से पितृदोष और कालसर्प दोष दूर होगा और अंतिम रोटी का टुकड़ा किसी गरीब या भूखे को भोजन के साथ खिलाने से आर्थिक कष्ट दूर होंगे और बिगड़े काम बनने लगेंगे।

यदि आपके जीवन में शनि पीड़ा है या फिर राहु-केतु की अड़चनें हो तो रोटी का यह उपाय आपके लिए रामबाण साबित हो सकता है। इन सभी ग्रहों की अशुभता को दूर करने के लिए रात के समय बनाई जाने वाली अंतिम रोटी पर सरसों का तेल लगाकर काले



कुत्ते को खाने के लिए दें। यदि काला कुत्ता उपलब्ध न हो तो किसी भी कुत्ते के बच्चे को खिलाकर इस उपाय को कर सकते हैं.

हमारे यहां अतिथि को देवता के समान माना गया है फिर वह धनवान हो या फिर आम आदमी. यदि कोई निर्धन या भिखारी आपके घर के दरवाजे पर आए तो यथासंभव भोजन अवश्य कराएं। भोजन में भी रोटी जरूर खिलाएं या हाथ से परोसें।

यदि तमाम प्रयासों के बावजूद सफलता आपके हाथ नहीं लग रही है तो आप के लिए रोटी का यह उपाय वरदान साबित हो सकता है। रोटी और चीनी को मिलाकर छोटे-छोटे टुकड़े चीटियों के खाने के लिए उनके बिल के आस-पास डालें। इस उपाय से आपकी बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

यदि आपके घर की शांति को किसी की नजर लग गई है और आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता है तो आप रोटी से जुड़े चमत्कारी उपाय को जरूर अपनाकर देखें। दोपहर के समय जब आप अपनी रसोई में पहली रोटी सेंके तो उसे गाय के लिए और अंतिम रोटी कुत्ते के लिए जरूर निकाल लें। उसे भोजन से पूर्व गाय और कुत्ते को खिलाने का प्रयास करें। यदि यह न संभव हो तो बाद में उसे खिला दें।

अगर करियर में रुकावट है, नौकरी नहीं मिल रही है तो यह उपाय करें। कटोरदान की नीचे से तीसरे नंबर की रोटी लें, तेल की कटोरी में अपनी बीच वाली अंगुली और तर्जनी यानी पास वाली बड़ी अंगुली को एक साथ डुबोएं अब उस रोटी पर दोनों अंगुलियों से एक साथ लाइन खींचें। अब इस रोटी को बिना कुछ बोले दो रंग के कुत्ते को डाल दें। यह उपाय गुरुवार या रविवार को करेंगे तो करियर की हर बाधा दूर होगी।

# माणिक्य पहनने से पहले रखें ये सावधानियां



रत्नों का हमारे मन और शरीर पर विशेष प्रभाव रहता है। इससे भाग्य भी बदल जाता है, इसलिए ग्रहों की समस्या होने पर रत्न पहनने की सलाह दी जाती है। रत्न पहनते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह सही हो क्योंकि गलत रत्न के विपरीत प्रभाव पड़ते हैं।

- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माणिक्य रत्न सूर्य का प्रतिनिधित्व करता है। कहा जाता है कि जिस किसी की कुंडली में सूर्य शुभ प्रभाव में होता है उसे माणिक्य रत्न धारण करना चाहिए। इसे धारण करने से सूर्य की पीड़ा शांत होती है। यह रत्न व्यक्ति को मान-सम्मान, पद की प्राप्ति करवाने में भी सहायक है पर माणिक्य पहनने से पहले जान ले कि दोषयुक्त माणिक्य लाभ की अपेक्षा हानि ज्यादा करता है। इसलिए इसे पहनने से पहले रखें ये सावधानियां।
- रत्न ज्योतिष के अनुसार जिस माणिक्य में आड़ी तिरछी रेखाएं या जाल जैसा दिखाई दे तो वह माणिक्य गृहस्थ जीवन को नष्ट करने वाला होता है।
- जिस माणिक्य में दो से अधिक रंग दिखाई दें तो जान लीजिए कि यह माणिक्य आपकी लाइफ काफी परेशानियां ला सकता है।
- कहा जाता है जिस माणिक्य में चमक नहीं होती ऐसा माणिक्य विपरीत फल देने वाला होता है। तो कभी भी बिना चमक वाला माणिक्य न पहने।
- धुएं के रंग जैसा दिखने वाला माणिक्य अशुभ और हानिकारक माना जाता है। वहीं मटमैला माणिक्य भी अशुभ होता है। इसे खरीदने से पहले देख लें कि ये इस रंग का न हो।

# पैसों की नहीं रहेगी घर में कोई भी कमी, ये छोटे से टिप्स बदल देंगे आपकी जिंदगी





जीवन की कई सारी परेशानियों को दूर करने में जैसे वास्तु शास्त्र काफी प्रचलित शास्त्र है। वैसे ही चीन का फेंगशुई शास्त्र भी बहुत से लोग अपने घर की नेगेटिव एनर्जी को दूर करने के लिए करते हैं। आपने कई घरों में फेंगशुई से जुड़ी चीजों को देखा होगा। यह चीजें आपके घर का सौभाग्य दूर करने में सहायता करती हैं।फेंगशुई में फेंग का अर्थ होता है - %वायु% और शुई का अर्थ होता है - %जल%। इसलिए फेंगशुई शास्त्र %जल और वायु% के आधार पर बना हुआ शास्त्र है। यह शास्त्र घर की नेगेटिव एनर्जी को दूर करके पॉजिचिव एनर्जी लाने में मदद करता है। तो चलिए आपको फेंगशुई के ऐसे कुछ टिप्स बताते हैं जिनसे आपके घर में पैसे की कमी नहीं होगी। आइए जानते हैं इनके बारे में...

### विंड चाइम

आप घर के मुख्य द्वार पर विंड चाइम जरुर लगाएं। दरवाजे पर इसे लगाने से व्यापार में भी वृद्धि होगी और आपके घर में हर तरफ से पॉजिटिव एनर्जी का संचार भी होगा। इसके अलावा विंड चाइम घर में लगाने से पैसे में भी बढ़ोतरी होगी।

### बांस का पौधा

यदि आपको पैसे से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो आप घर में बांस का पौधा भी जरुर लगाएं। फेंगशुई के अनुसार, आप घर में छह बांस के डंठल वाला पौधा घर पर लगाएं। इससे आपके घर में पैसा आकर्षित होगा। रुका हुआ धन भी आपको वापस मिल जाएगा। यदि आप किसी भी तरह के आर्थिक तनाव का सामना कर रहे हैं तो उससे भी छुटकारा मिलेगा।

### लाफिंग बुद्धा

बहुत से लोग अपने घर में लॉफिंग बुद्धा भी लगाते हैं। लाफिंग बुद्धा घर में शुभता का प्रतीक माना जाता है। यह आपके जीवन की कई सारी समस्याओं को दूर कर देता है। आप इसे घर की उत्तर-पूर्व दिशा में रख सकते हैं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।

### अक्वेरियम

घर में अक्वेरिम रखना भी बहुत ही शुभ माना जाता है। आप इसमें आठ गोल्डन फिश और एक काले रंग की मछली जरुर रखें। इससे आपके मान-सम्मान और पैसे में वृद्धि होती है। अक्वेरियम आप ड्राइंग रुम में रख सकते हैं।



# चिकित्सा सेवाओं के लिए भारत में बेहतर अवसर

सनत जैन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत में टूरिज्म हब का प्रस्ताव तैयार किया है। भारत सरकार पर्यटन विभाग की तरह भारत मे मेडिकल चिकित्सा के क्षेत्र में जो सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पतालों की स्थिति और कम खर्च में योग्य चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सुविधाउपलब्ध कराने का प्रचार-प्रसार 61 देशों में करके भारत को मेडिकल हब के लिए सुनियोजित कार्य योजना तैयार की है। कोरोना के बाद से दुनिया के अधिकांश देशों की चिकित्सा सुविधाएं गड़बड़ा गई हैं। इसमें विकसित और अति विकासशील देश भी शामिल हैं। बहुत तेजी के साथ मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन उस अनुपात में, ना तो वहां पर चिकित्सक उपलब्ध हैं, और ना ही उनके पास अस्पताल है। उन देशों की चिकित्सा का खर्च भारतीय चिकित्सा की तुलना में 8 से 10 गुना ज्यादा महंगा है। महीनों इंतजार करने के बाद भी मरीजों को डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। श्रेष्ठतम अस्पताल और अनुभवी फिजीशियन, सर्जन, और अनुभवी डॉक्टर भारत में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी तुलना में विदेशों में 8 से 10 गुना ज्यादा खर्च करने के बाद भी वहां के मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। भारत सरकार ने हाल ही में जो सर्वे किया है। उसके अनुसार भारत से लगे हुए 61 देशों की चिकित्सा सुविधा बहुत महंगी है। उसकी तुलना में भारत के अस्पतालों में काफी कम कीमत पर उनका इलाज संभव है। भारत के अच्छे अस्पतालों में विदेशी मरीजों को भर्ती करने और उनके इलाज करने की क्षमता बनी हुई है। ऐसी स्थिति में सुनियोजित रूप से विदेशों से आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के ठहरने और मरीज के इलाजके लिए अस्पतालों के बारे में बेहतर जानकारी, डॉक्टरों की विशेषज्ञता, उनके अनुभव इत्यादि का प्रचार प्रसार किया जाता है। इस स्थिति में भारत को चिकित्सा व्यवसाय से विदेशी मुद्रा अर्जित होगी। वही रोजगार और नौकरी के अवसर भी भारत में बढ़ेंगे। भारत सरकार ने अभी 12 राज्यों के 17 शहरों के प्रमुख अस्पताल की सूची तैयार की है। इसके अतिरिक्त भारत से लगे हुए कई ऐसे गरीब देश हैं। जहाँ पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में भारत में चिकित्सा हब को बेहतर तरीके से प्रचार प्रसार करने पर, हर साल विदेशों से मरीज, भारत में इलाज चला सकते हैं। पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में भारत में मेडिकल कॉलेजऔर पैरामेडिकल कॉलेज खुले हैं। आसपास के देशों के लोग यहां पर आकर सस्ता इलाज करा सकते हैं। भारत सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करके, ऐसी नीति बनानी होगी। जिससे विदेश के मरीज भारत में आकर इलाज करा सकें। इससे भारत में विदेशी मुद्रा तो आएगी ही, इसके साथ-साथ रोजगार और नौकरियों के अवसर भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे।

# आप में सें यहाँ कोई राम है : खबरीलाल

दिल्ली वासियों सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। विगत दिनों दिल्ली व एन सी आर मे रामलीला का मंचन व जय श्री राम से पुरा वातावरण गुंजायमान था।वैश्विक महामारी कोरोना संकट के दो वर्षों के बाद दिल्ली वासी शाम होते ही अपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे।मुझे भी कुछ रामलीलाओं को तीरक्षी नजर से देखने का सुअवसर मिला।इस दौरान मुझे रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारिकी से जानने का अवसर मिला। इस क्रम में कई ऐसे क्षण आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया विशेष कर राम - रावण युद्ध का प्रसंग।आप को बता दें राम - रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है।आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर,सुनसान है किले का परकोटा,चारो दिशाओं में उदासी पसरी है,किसी के घर में नही जल रहा दीया।विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम।विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके र्निविघ्न राज्याभिषेक,स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम,चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है।भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है।

विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है।लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है।हनुमान का यह संदेश सुनकर माँ सीता खामोश है,निहारती है उस रास्ते को।उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम,राजा राम बन गये क्या।लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है,एक वर्ष कहाँ रही सीता,कैसे रही उनकी सीता।मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार।ना% राम भक्त हनुमान नही समझ पाते,ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है।माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से,जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की ,वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी।अगर स्वयं राम आते यहां तो उन्हे मिलवाते यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े रही,यहाँ की माधवी लताओं से जिन्होने उनकी सीता कीआँसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा।

लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए ।कई पहर बीत गए ,लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार कर पालकी मे सीता सोचती है राजा जनक जी ने भी तो इसी तरह विदा किया था उन्हें।

तभी वातावरण में गुंजता है,राम का स्वर,सीता को मेरे पास पैदल आने दो।भुमि सुता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या वही है यह पुरुष,जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी।हॉ रावण नें गोद मे उठाया था।मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था ,चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में,लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है।रावण कौन था % क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन भी कुछ सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक

महाज्ञानी,महा पराक्रमी और महाबलशाली था।रावण चारों वेदों का जानकार था।वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था।हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ।रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका



अंत नहीं सकता।यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा।भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया।रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला।धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला,इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया।युद्ध में सफलता के लिए भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी।जिसके बाद लगातार 9 दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया।इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है।रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था।अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे।शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे, बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया।सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे,जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था।इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें।श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण, खर, दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था।इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ।युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे।इनमें से मेघनाद,प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक,देवान्तक और अक्षयकुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ।रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ।आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम,सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे,नगर वासियों नें दिवाली मनाई।मै उदास हूँ दशहरे की रात से।रावण को आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या।चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो ,मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो,समाज सेवी।मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है।यहाँ आप में से कोई राम है क्या।मुझे तो यहाँ कोई नही मिला।अगर आप को कोई दिखे तो हमे भी बतायेगा जरूर।

**फिलहाल आपसे यह कहते हुए विदा लेते है कि ÷ना ही काहुँ से दोस्ती।ना ही काहुँ सें बैर॥खबरी लाल तो माँगें।सबकी खैर÷॥**

**फिर मिलेगे,तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग।अलविदा**

**प्रस्तुतकर्ता**
**विनोद तकियावाला**
**स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भ कार**

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुत־ उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रात־ स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंत־स्थिति ही होती है।

# अपनों ने कराई गहलोत की फजीहत

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान कांग्रेस में चल रहे राजनीतिक घमासान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस आलाकमान के निशाने पर आ गए हैं। उनके अपने चहेते नेताओं द्वारा करवाई गई फजीहत के चलते गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से लिखीत में माफी मांगनी पड़ी। इसके साथ ही सोनिया गांधी के आवास के बाहर आकर मीडिया के समक्ष भी उन्हे बार-बार माफी मांगने की बात दोहरानी पड़ी। ऐसी स्थिति का सामना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने पचास साल के राजनीतिक कैरियर में शायद ही कभी करना पड़ा हो।

कुछ समय पहले तक तो मुख्यमंत्री गहलोत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे थे। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस आलाकमान में सर्वसम्मति बन चुकी थी। वही एकाएक घटनाचक्र इतनी तेजी से घुमा की कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तो दूर अब तो उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी भी खतरे में पड़ी नजर आने लगी है। गहलोत समर्थकों ने राजस्थान में जो खेल किया उससे कांग्रेस आलाकमान ही नहीं अन्य सभी लोग भी हक्के बक्के रह गए। किसी को भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सत्ता के लिए ऐसा खेल करने की अपेक्षा नहीं थी। मुख्यमंत्री गहलोत पिछले दो साल से लगातार कहते थे कि मेरा इस्तीफा हमेशा मेरी जेब में पड़ा रहता है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जब भी कहेंगी तुरंत उनको सौंप दूंगा। मगर कांग्रेस अध्यक्ष के कहने से पहले ही गहलोत ने ऐसा राजनीतिक ड्रामा कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की भी एक बार तो बोलती ही बंद हो गई थी। जब गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा रहा था तो उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री के पद का भी साथ ही निर्वहन कर लूंगा। मगर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने गहलोत को उदयपुर में संपन्न हुए चिंतन शिविर में लिए गए एक व्यक्ति एक पद के प्रस्ताव का स्मरण कराते हुए उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ने की बात याद दिला दी। मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात आने पर गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने में आनाकानी करने लगे। मगर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी उन्हें अपना सबसे विश्वस्त मानकर अध्यक्ष बनाना चाहती



थी। ऐसे में गहलोत के समक्ष अध्यक्ष बनने के लिए स्वीकृति देने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था। अनमने मन से ही सही अंततः उन्होंने अध्यक्ष बनने के लिए हां कर दी थी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का मानना था कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन फार्म भरने से पहले गहलोत मुख्यमंत्री पद छोड़ कर एक व्यक्ति एक पद के नियम की पालना कर पार्टी जन के समक्ष एक नायाब उदाहरण प्रस्तुत करें। इस बाबत सोनिया गांधी की गहलोत से बात भी हो गई थी। गहलोत की सहमति से ही उन्होने कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर जयपुर भेजा था। ताकि वो सभी विधायकों से व्यक्तिगत रायशुमारी कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर फैसला छोड़ने का एक लाइन का प्रस्ताव पास करवायें।

इस बाबत मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक का भी आयोजन किया गया था। जिस दिन कांग्रेस पर्यवेक्षकों को जयपुर आना था उसी दिन सुबह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को लेकर जैसलमेर स्थित तनोट माता के मंदिर में दर्शन करने के लिए रवाना हो गए और वहां से शाम को वापस लौटे। दोपहर को जब दिल्ली से कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक खड़गे व माकन जयपुर हवाई अड्डे पर उतरे तो उनके स्वागत के लिए कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता उपस्थित नहीं था। यहां तक की प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा की अनुपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, राजस्थान सरकार का कोई भी मंत्री, विधायक, जयपुर का मेयर, जिला प्रमुख, प्रधान, पार्षद तक हवाई अड्डे पर उपस्थित नहीं था। उसी दिन शाम सात बजे मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल के 108 सदस्य व पार्टी को बाहर से समर्थन दे रहे तेरह निर्दलीय विधायकों को विधायक दल की मीटिंग में आमंत्रित किया गया था। मगर उसी दौरान एक खेला हो गया। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल, जलदाय मंत्री व मुख्य सचेतक महेश जोशी व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मिलकर एक चाल चली व सभी विधायकों को फोन कर मुख्यमंत्री आवास के बजाय शांति धारीवाल के आवास पर बुला लिया।

# पेशा अध्यापन का मनोवृत्ति राक्षसीय?

## सूडोकु नवताल- 6213

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 6212 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

निर्मल रानी

स्कूली शिक्षा ग्रहण करने वाला लगभग प्रत्येक भारतवासी संत कबीर के उन दोहों से भली भांति परिचित है जो हमें गुरु के रुतबे व उनके महत्व से परिचित कराते हैं। संत कबीर का सबसे प्रसिद्ध व प्रचलित दोहा %गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय%।। अर्थात गुरू और गोबिंद (भगवान) एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए - गुरू को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरू के श्रीचरणों में शीश झुकाना उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यानी गुरु भगवान से भी पहले पूजनीय है। इसी प्रकार कबीर दास कहते हैं -%गुरू बिन ज्ञान न उपजै, गुरू बिन मिलै न मोष। गुरू बिन लखै न सत्य को गुरू बिन मिटै न दोष।। यानी - हे सांसारिक प्राणियों। बिना गुरू के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों में जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखाने वाले गुरू हैं। बिना गुरू के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अतः गुरू की शरण में जाओ। गुरू ही सच्ची राह दिखाएंगे। इसी तरह -गुरू पारस को अन्तरो, जानत हैं सब संत। वह लोहा कंचन करे, ये करि लेय महंत।। अर्थात गुरू और पारस के अन्तर को सभी ज्ञानी पुरुष जानते हैं। पारस मणि के विषय में



जग विख्यात है कि उसके स्पर्श से लोहा सोने का बन जाता है। किन्तु गुरू भी इतने महान होते हैं कि अपने गुण ज्ञान में ढालकर शिष्य को अपने जैसा ही महान बना लेते हैं। संत कबीर की ही तरह अनेक कवियों, महापुरुषों, चिंतकों, संतों, ऋषि मुनियों ने गुरुओं की महानता का बखान अपने अपने तरीक़े से करते हुए गुरु या शिक्षक को सर्वोच्च स्थान देने की कोशिश की है।

तो क्या हमारे उन महापुरुषों द्वारा गुरुओं के सम्बन्ध में व्यक्त किये गये विचार वर्तमान युग में सही साबित हो रहे हैं ? क्या आज का सम्पूर्ण शिक्षक समाज %गोविन्द% अर्थात %भगवान% के समतुल्य है ? या फिर प्रदूषित होते जा रहे अन्य पेशों की ही तरह अध्यापन जैसा यह पवित्र पेशा भी अब इस पेशे में प्रवेश कर चुके अनेक साम्प्रदायिकतावादी, जातिवादी, अहंकारी, अपराधी सोच रखने वाले पूर्वाग्रही व राक्षसी मनोवृत्ति रखने वाले लोगों की वजह से बदनाम व अविश्वसनीय होता जा रहा है ? अनेक शिक्षकों की क्रूरता के संबंध में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये दिन प्राप्त होने वाले समाचार तो कम से कम ऐसा ही आभास कराते हैं। राजस्थान के जालोर जिले के सुराणा गांव स्थित निजी स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर की इसी वर्ष 20 जुलाई की घटना ने पूरे देश को आक्रोशित कर दिया था। इस घटना में कथित तौर पर छैल सिंह नामक एक अध्यापक ने तीसरी कक्षा के छात्र इंद्र मेघवाल को इतना पीटा कि बच्चे की कान की नस फट गई और अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। बताया गया था कि मृतक छात्र ने पेयजल के मटके को कथित रूप से छू लिया था। जिसके बाद ही शिक्षक छैल सिंह ने उसकी पिटाई कर डाली। इस घटना से जातिवादी तनाव भी पैदा हो गया था। क्या किसी गोविन्द समान %गुरु % से यह उम्मीद की जा सकती है कि वह अपने शिष्य के पानी की मटकी छू लेने मात्र से इतना क्रोधित हो उठे कि %गुरु % की जानलेवा पिटाई से बच्चे की मौत हो जाये? ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों बिहार के गया ज़िले के वज़ीर गंज इलाक़े के एक स्कूल में घटी। यहां भी एक शिक्षक द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के बाद 8 साल के एक छात्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि होमवर्क न करने पर शिक्षक द्वारा छात्र को बेरहमी से मारा गया था। पटना में एक शिक्षक ने 5 साल के छात्र को उसके द्वारा संचालित कोचिंग क्लास में पढ़ाई ना करने पर डंडे से इतना मारा कि मारते-मारते डंडा टूट गया। इसके बाद क्रूर लालची शिक्षक ने बच्चे की लात-घूंसे से भी पिटाई की।

# भारत के हजार टुकड़ों की तैयारी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अब तक भारत में जिन अनुसूचित जातियों और जन-जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया जाता रहा है, अब उनकी संख्या बढ़ाने की मांग हो रही है। अदालत में कई याचिकाएं भी लगी हुई हैं। संविधान सभा में पहले सिर्फ उन्हीं अनुसूचितों को आरक्षण मिला हुआ था, जो अपने आप को हिंदू मानते थे लेकिन 1956 में सिखों और 1990 में बौद्ध अनुसूचितों को भी इस जमात में जोड़ लिया गया। हालांकि गौतम बुद्ध और गुरु नानक अपने अनुयायियों को जातिभेद से दूर रहने का उपदेश देते रहे लेकिन थोक वोटों के लालच में फंसकर नेताओं ने धर्म को भी जाति के पांव तले ठेल दिया। आश्चर्य है कि उन अ-हिंदू धर्मावलंबियों ने उनके इस धर्म विरोधी कृत्य को सहर्ष स्वीकार कर लिया। अब उन्हीं की देखादेखी हमारे मुसलमान, ईसाई और यहूदी भी मांग कर रहे हैं कि उनमें जो अनुसूचित हैं और पिछड़े हैं, उन्हें भी सरकारी आरक्षण दिया जाए। मोदी सरकार अपने आप को परम राष्ट्रवादी कहती है लेकिन वह भी कांग्रेसियों और समाजवादियों की तरह देश को जातिवाद की भट्ठी में झोंकने के लिए तैयार हो गई है। उसने एक आयोग की घोषणा की है, जो काफी खोज-बीन के आधार पर यह तय करेगा कि मुसलमान, ईसाई और यहूदी लोगों को कभी भूतपूर्व पसमांदा, अछूत या दलित हिंदू रहे हैं, उन्हें भी आरक्षण दिया जाए या नहीं? इस आयोग के सदस्य लोग काफी अनुभवी और योग्य हैं लेकिन कह नहीं सकते कि वे क्या सुझाव देंगे। मेरी समझ यह है कि 'काणी के ब्याव में सौ-सौ जोखिम' हैं। जातीय आरक्षण ने पहले ही देश में अयोग्यता और भ्रष्टाचार को बढ़ा रखा है। दूसरा, उनमें जो एकाध प्रतिशत मलाईदार लोग हैं, वे ही सारी नौकरियों पर कब्जा कर लेते हैं। असली गरीब लोग ताकते रह जाते हैं। तीसरा, यदि इसमें नए धर्मों को भी जोड़ लिया गया तो जैनों ने कौनसा अपराध किया है? दक्षिण भारत के सैकड़ों जैन-परिवारों को मैं जानता हूं, जो जैन बनने के पहले वंचित और अस्पृश्य हिंदू थे। चौथा, इन नए मुसलमान और ईसाई लोगों के जुड़ जाने से क्या पहले वाले आरक्षितों के अवसर नहीं घटेंगे? पांचवां, उन्हें यह शक भी है कि यह भाजपा का एक बहुत चालाकीभरा पैंतरा है, जो मुसलमानों और ईसाइयों को जातिवाद में फंसाकर उनका 'हिंदूकरण' करना चाहती है। छठा, विपक्षी नेताओं का आरोप है कि यह 'वोट बैंक' की राजनीति का नया पैंतरा है। ये तर्क सही हैं या नहीं, इस पर अलग से विचार किया जा सकता है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि 1947 में मजहब के आधार पर भारत के दो टुकड़े हो गए थे, अब यदि जातिवाद ही हमारी राजनीति का आधार बन गया तो भारत के जमीनी टुकड़े हों या न हों, भारत हजार टुकड़ों में बंट जाएगा। जमीन तो शायद हमारी न टूटे लेकिन हमारे दिलों के हजार टुकड़े हो जाएंगे।

# समाज को समृद्ध और शक्तिशाली बनाने का लिया संकल्प






### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री खिलराज रेग्मी ने किया विप्र महाकुंभ को संबोधित

**मुरैना।** ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट मुरैना द्वारा रविवार को माधवपुरा स्थित जगदंबा पैलेस में विप्र महाकुंभ का आयोजन किया गया, जिसमें नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री खिलराज रेग्मी ने शिरकत की और महाकुंभ को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समुदाय से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने को कहा। उन्होंने अपना भाषण अंग्रेजी में दिया एवं उपस्थित विप्र बंधुओं से क्षमा मांगी। इस अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर के ट्रस्टी स्वामी अर्जुन प्रसाद बस्तोला, मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी, पूर्व विधायक हेमंत कटारे, पूर्व विधायक बलबीर सिंह दंडोतिया, संजय शर्मा महलगांव, कोल्हापुर के कलकी महाराज, प्रतिज्ञा शिक्षा संस्थान के संचालक अनिल उपाध्याय, ग्वालियर से श्रीमती उमा राजोरिया, दिनेश दंडोतिया, कार्यक्रम आयोजक राजीव शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंबाह, सहित तमाम राज्यों से विप्र बंधु महाकुंभ में शामिल थे। विप्र महाकुंभ को संबोधित करते हुए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री श्री खिलराज रेग्मी ने कहा कि वर्तमान समय में समस्त ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज की एकजुटता के लिए देशभर में अनेकों संगठन कार्य कर रहे हैं, सभी समाज बंधुओं को इन संगठनों के माध्यम से एकजुट होकर समाज हित में कार्य कर ब्राह्मण समाज को समृद्ध और शक्तिशाली बनाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए मैं सदैव तत्पर व अग्रणी रूप से मौजूद रहूंगा, जब भी मेरी जहां भी आवश्यकता हो, मैं आपके बीच रहूंगा। मैं आप सबका आभारी हूं जो आपने मुझे इतना प्यार एवं सम्मान दिया है और कहा कि ब्राह्मण समुदाय के सभी लोगों को नैतिकता के आधार पर अपना कार्य करना होगा। इस अवसर पर आयोजन का सफल संचालन ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने किया।



## लायंस क्लब ने वृद्ध व नेत्रहीनों के लिए किए अनेक परोपकार के कार्य, सेवा सप्ताह का हुआ समापन

**मुरैना।** रविवार को सभी पांच क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने वृद्ध आश्रम मुरैना में नेत्रहीन बच्चों एवं वृद्धजनों को सेवा सप्ताह परोपकार के समापन समारोह के अंतर्गत फल और छाछ वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा क्लब के सदस्यों ने वृद्ध महिला एवं पुरुषों के लिए प्रतिदिन 2 किलो दूध 6 माह तक के लिए व्यवस्था की है, वही उनके लिए राशन की भी व्यवस्था की गई है। पांचों क्लबों के अध्यक्षों द्वारा वृद्ध आश्रम एवं नेत्र हीन विद्यालय में किन-किन वस्तुओं की आवश्यकता है, यह जानकारी भी हासिल की गयी, ताकि समय-समय पर सेवा स्वरुप वह आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति करा सकें। बृद्ध आश्रम में स्थित पार्क में बैठने के लिए 4 कुर्सियों की भी व्यवस्था कराई जा रही है, जिस पर 20 हजार रुपए की लागत आएगी। कार्यक्रम में प्रांत रीजन सचिव लॉयन रश्मि बंसल, लायंस क्लब मुरैना मयूरवन अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, लायंस क्लब मुरैना वेस्ट अध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रमोद सिंघल, रोहित गोलश, रेखा बांदिल, बबिता जैन, संजय गोयल, श्याम सुंदर अग्रवाल, संजीव जिंदल, जनार्दन शर्मा, श्याम बंसल, नितिन सिंघल, श्याम गोयल सी ए, मनोज सिंघल, खेमचंद मित्तल, मनोज गोयल आदि उपस्थित थे।

### मधुमेह कैंप में एक सैकड़ा लोगों की हुई जांच

लायंस क्लब मयूरवन के पदाधिकारी व सदस्यों ने जीवाजीगंज पार्क में मधुमेह कैंप का आयोजन किया, जिसमें करीब एक सैकड़ा लोगों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब मुरैना मयूरवन अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, सचिव रोहित, सदस्य संजीव जिंदल, मनोज गोयल, नितिन सिंघल, श्याम बंसल, अजय जैन मौजूद रहे।

# हेलमेट लगाओ सुरक्षित जीवन पाओ, दुपहिया वाहन दुर्घटना रोकने हेलमेट अभियान आरंभ



**मुरैना।** दो पहिया वाहन चालक एवं सवारियों द्वारा हेलमेट ना पहनने के कारण आए दिन दुर्घटना में हो रही मौत के चलते माननीय न्यायालय द्वारा प्रदेश भर में यातायात पुलिस के माध्यम से लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने एवं मुख्य बिंदुओं का पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर से यातायात पुलिस मुरैना सूबेदार अखिल नागर एवं उनकी टीम द्वारा शहर में 20 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जाएगा और लोगों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर व्दारा दिये गये निर्देश उपरोक्त रिट पिटीशन में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर व्दारा निर्देशित किया गया है कि प्रायः सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक व्दारा हेलमेट न लगानें पर अधिकाँश लोगों की सिर में चोंट लगने पर मृत्यु हो रही है, ऐसी दुर्घटना को रोकनें के लिये दिनांक 20 अक्टूबर तक लगातार अभियान चलाकर मोटरसाइकिल चालकों को सख्ती से हेलमेट लगानें की समझाईश दी जाये। न्यायालय के निर्देश पर मुरैना पुलिस द्वारा सभी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इकाई प्रमुख व्दारा हेलमेट लगानें हेतु आदेशित किया जाये, सभी पेट्रोल पम्प संचालक पेट्रोल पम्प में नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बैनर लगवायें व बिना हेलमेट चालकों को पेट्रोल न दें।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती एवं मुस्लिम समाज के जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी शामिल हुए कांग्रेसी



**मुरैना।** रविवार को जेल रोड स्थित बाल्मिक मंदिर पर महर्षि वाल्मीकि जी के छाया चित्र पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेश के शहर अध्यक्ष ने पुष्प एवं माल्यार्पण कर जयंती मनाई एवं एम.एस रोड स्थित जामा मस्जिद के सामने मुस्लिम समाज के जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी त्यौहार में भी शामिल हुए। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीक के चित्र पर उपस्थित अतिथियों एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। मुस्लिम समाज के जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी त्यौहार में सरीख होकर मुस्लिम भाइयों से मुलाकात की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं मुरैना महापौर शारदा सोलंकी ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वाल्मीकि जी जो कि रामायण के रचियता थे। वाल्मीकि जयंती अर्थात एक ऐसा दिन जब महान रचियता वाल्मीकि जी का जन्म हुआ। इनकी महान रचना से हमें महा ग्रन्थ रामायण का सुख मिला। यह एक ऐसा ग्रन्थ हैं, जिसने मर्यादा, सत्य, प्रेम, भातृत्व, मित्रत्व एवं सेवक के धर्म की परिभाषा सिखाई। इस मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि उपाध्याय, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस, शहर जिला उपाध्यक्ष परमानन्द शर्मा, सौरभ सोलंकी, अनु.जाति विभाग शहर अध्यक्ष विनोद जोनवार, रन सिंह सिकरवार, शहर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, आईटी सेल अध्यक्ष प्रमोद परमार, प्रेम कुमार बंसल, पार्षद सोनू जोनवार, रामू टुंडेलकर, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रघुराज गुर्जर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति ने निकाला शौर्य संचलन, भगवामय हुआ वातावरण

### शस्त्र और शास्त्र पूजन के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम, गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

**मुरैना।** नवरात्र और विजयादशमी के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति द्वारा शहर में शौर्य संचलन निकाला गया। सफेद सलवार-कुर्ता पर भगवा दुपट्टा और भगवा ही साफा बांधे हुए सैकड़ों बालिकाएं व युवतियां जब सड़कों से गुजरीं तो वातावरण हिंदुत्व के भाव और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस दौरान जगह- जगह स्थानीय लोंगों के पुष्प वर्षा कर शौय 'संचलन का स्वागत किया। शौर्य संचलन रविवार को दोपहर 3 बजे बीआर गार्डन से शुरू हुआ, जिसमें तकरीबन दो सैकड़ा बालिकाएं, युवतियां और महिलाएं यहां से कतारबद्ध होकर चलीं। यह शौर्य संचलन सीताराम-पतिराम धर्मशाला रोड से होते हुए एमएस रोड पर पहुंचा और यहां से सूबात रोड, ओवरब्रिज चौराहा, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, जैन मंदिर के सामने से गुजरकर पंचायती धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान पूरे रास्ते लाउडस्पीकर पर हिंदुत्व और जय श्रीराम के नारे



गूंजते रहे। शौर्य संचलन से पूर्व बीआर गार्डन में शस्त्र और शास्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की और हिंदुत्व की अवधारणा को प्रबल बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मातृशक्ति की विभाग संयोजिका भावना जैन मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस जागरण मंच की विभाग संयोजिका रजनी गुप्ता ने की। इनके अलावा मातृशक्ति की जिला संयोजिका सपना बंसल, दुर्गावाहिनी की जिला संयोजिका पूजा कोचर सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन पूजा कोचर ने किया।

### - शस्त्र और शास्त्र दोनों ही महत्वपूर्ण

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए मातृशक्ति की विभाग संयोजिका भावना जैन ने कहा कि हम सभी को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान होना आवश्यक है। शास्त्र हमें हमारे धर्म, संस्कृति की जानकारी देते है तो यह भी बताते हैं कि क्या गलत है और क्या सही। वहीं शस्त्र का ज्ञान आत्मरक्षा, समाज कल्याण और देशहित के लिए जरूरी है। सभी को इतना तो जानना ही चाहिए कि नैतिक रूप से आवश्यकता पड़ने पर शस्त्रों का उपयोग कर सकें। उन्होंने बालिकाओं से सशक्त बनने का आव्हान भी अपने उद्बोधन में किया और महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक गीत भी गाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं रजनी गुप्ता ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे न सिर्फ परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहीं हैं, बल्कि समाज और देश की सेवा भी कर रहीं हैं। उन्होंने महिलाओं से दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति जैसे संगठनों से जुड़कर राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में शामिल होने की बात भी कही।

# वारिस से नष्ट हुई बाजरा और तिल्ली की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाएः किसान सभा



**सबलगढ़।** सितंबर, अक्टूबर में बेमौसम बरसात के चलते किसानों की बाजरा और तिल्ली की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 2350 रुपए प्रति कुंटल पर बाजरा की फसल नहीं बिक रही है। मंडियों में आमतौर पर 1400 से लेकर 1500 रुपए प्रति क्विंटल बाजरा की फसल बिक रही है। इस संबंध में मध्य प्रदेश किसान सभा की जिला समिति की बैठक में चर्चा हुई और सरकार से मांग की गई, कि प्राकृतिक आपदा और बेमौसम बरसात से किसानों की खरीफ की फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए और उन्हें समुचित मुआवजा दिया जाए। इसके लिए किसान सभा की ओर से 12 अक्टूबर को ज्ञापन भी दिए जाएंगे। बैठक में जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर सभी सदस्यों ने विचार विमर्श किया। इस दौरान गायों में फैल रही लंम्पी की बीमारी, उसके निदान, आवारा पशु व खाद की किल्लत आदि सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने किसानों से आगे आने और अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने की। इस दौरान ओमप्रकाश श्रीवास, बलवंत सिंह, नरोत्तम नागर, आदिराम आर्य, सियाराम सिंह, सरवन लाल, अंगद जाटव, नरेश रावत आदि उपस्थित रहे।

# आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 77वां अवतरण दिवस मनाया

### थाना प्रभारी ने कहा आचार्य श्री केवल जैन समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज के संत हैं



**अंबाह।** राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 77वाँ अवतरण दिवस नगर में धूमधाम से मनाया गया। नगर के सभी जैन मंदिरों में सुबह नित्य नियम पूजन अभिषेक शांति धारा के साथ साथ आचार्य श्री का महापूजन बड़े भक्ति भाव के साथ श्रद्धालुओं व्दारा किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा सरकारी अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड, कुपोषण वार्ड एवं जनरल वार्ड में फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई इसके साथ ही अस्पताल में मौजूद मरीजों के अटेंडर एवं स्टाफ को भी फल वितरण किये गए। इस दौरान मौजूद नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने कहा कि आचार्य भगवान ने मूक पशुओं की रक्षा के लिए देश भर में जगह-जगह गौशाला खुलवाई है, संस्कारित शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों को प्रतिभास्थली स्कूल में शिक्षा दी जा रही है, अहिंसक वस्त्रों का उपयोग हो इसके लिए हथकरघा उद्योग से लोगों को आत्मनिर्भर बनाते हुए कपड़ों का निर्माण कार्य हो रहा है, चिकित्सा के क्षेत्र में भाग्योदय तीर्थ में लाखों लोगों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज केवल जैन समाज के ही संत नहीं अपितु सर्व समाज के संत हैं। आचार्य श्री ज्ञान, करुणा, स्नेह, आत्मीयता एवं कृपा के सागर हैं। जिनके सानिध्य में रहकर अनेक संत जन और आम जनमानस के लोग अपना आत्म कल्याण कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आत्मनिर्भरता के प्रेरक रहे हैं। उन्होंने समाज के आत्मनिर्भर होने के लिए कई आयामों पर कार्य किया है और लगातार कर रहे हैं। यही वजह है कि मध्य प्रदेश की सरकार ने आचार्य श्री से प्रभावित होकर जीवदया पुरस्कार उनके नाम पर देना प्रारंभ किया है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को आचार्य श्री के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग भी सुनाए गए। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन, थाना प्रभारी जितेंद्र नगाईच, महेश चंद जैन, राकेश भंडारी, मुकेश गुप्ता, विमल जैन भंडारी, अजय जैन बबलू, ओपी जैन, उपेंद्र जैन पटेल, पंकज जैन पत्रकार, कपिल जैन केपी, रितिक जैन, राजकुमार जैन चक्की वाले, अजय जैन पत्रकार, विकास पांडेय, हर्ष जैन, राहुल जैन, अमित टकसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# माननीय गृहमंत्री म.प्र. ने ग्वालियर जिले की अपराध समीक्षा बैठक लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश






**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** डॉ. नरोत्तम मिश्र जी माननीय मंत्री गृह, जेल संसदीय कार्य, विधि विधायी कार्य विभाग म.प्र. शासन द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष ग्वालियर सभागार में ग्वालियर जिले की कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में अति. पुलिस महानिदेशक चम्बल जोन श्री राजेश चावला(भापुसे), पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे), अति. पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे, अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया, अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री गजेन्द्र वर्धमान के अलावा ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में माननीय मंत्री जी का पुलिस महानिदेशक चम्बल जोन तथा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तद्उपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से माननीय मंत्री जी को ग्वालियर जिले में घटित हुए भादवि के अपराधों का त्रिवर्षीय तुलनात्मक चार्ट के माध्यम से अपराधों में हुई कमी तथा माइनर एक्ट एवं पुलिस द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही से अवगत कराया गया। जिसमें ग्वालियर जिले में विगत तीन वर्षों की तुलना में इस वर्ष सभी गंभीर अपराधों में कमी परिलक्षित हुई है। ग्वालियर पुलिस द्वारा माह जनवरी 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब तस्करों के खिलाफ की गई प्रमुख कार्यवाहियों को बताया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने माननीय मंत्री जी को बताया गया कि जिले में बाहर से आकर रहने वाले किराएदारों की उनके स्थायी निवासों पर उनके आचरण की सम्बंधित पुलिस थानों से सत्यापन/तस्दीक करायी जा रही है। उन्होने बताया कि वर्तमान में ग्वालियर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है, जिले में सोशल साइट्स एवं अन्य प्लेटफार्म पर धर्म-विशेष को लेकर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा टीका-टिप्पणी के सम्बंध में भी सतत् निगरानी रखी जा रही है। हाल ही में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत ग्वालियर पुलिस द्वारा बदनापुरा में सर्च ऑपरेशन चलाकर चार नाबालिग लड़कियों को दस्तयाब कर सीडब्लूसी के सुपुर्द किया गया। इसके संबंध में भी माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार के ग्वालियर भ्रमण के दौरान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा माननीय मंत्री जी को ग्वालियर जिले की समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिनमें पुलिस के कण्डम हो चुके वाहनों के स्थान पर नये वाहनों की आवश्यकता, ग्वालियर जिले में डीएसपी एवं आरक्षकों के रिक्त पदों से भी अवगत कराया गया। ग्वालियर जिले में प्रशासकीय भवनों जिसमें पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ग्वालियर जोन, उप पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ग्वालियर रेंज, थाना मुरार नवीन भवन, रक्षित निरीक्षक कार्यालय नवीन भवन, थाना डबरा देहात नवीन भवन की आवश्यकता से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया गया। बैठक में माननीय मंत्री जी द्वारा डॉयल-100 एवं सीसीटीव्ही कैमरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और खराब एफआरव्ही तथा कैमरों को शीघ्र दुरस्थ कराने के निर्देश दिये गये तथा *ग्वालियर पुलिस को चार नवीन वाहन दिये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय को निर्देशित किया गया। आगामी दिनों में माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार के ग्वालियर भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

## वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर ने ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर निराकरण कराया



**पुष्पांजली टुडे**

**भितरवार।** विधानसभा भितरवार काली माता मंदिर पर विधानसभा क्षेत्र के आसपास से आए हुए लोगो की वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर ने ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर निराकरण कराया !तत्पश्चात उपस्थित समस्त कार्यकर्ता साथियों द्वारा ग्वालियर में 500 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन एयरपोर्ट के शिलान्यास के अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि अमित शाह जी की सभा मैं ग्वालियर चंबल संभाग से 100000 लोगों से अधिक जन समुदाय को एकत्रित करने के लिए सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क अभियान , प्रचार प्रसार , बैठक और चौपाल चर्चा कार्यक्रम प्रारंभ कर लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे ! इस अवसर पर श्री विजेंद्र सिंह गुर्जर जी, श्री प्रहलाद सिंह शर्मा जी, श्री गजेंद्र साहू जी, श्री प्रपेंद्र सिंह रावत जी, श्री रवि बघेल जी, श्री अरविंद सिंह रावत जी, श्री कालीचरण कुशवाह जी, श्री भीकम सिंह राजे जी,एवं समस्त कार्यकर्ता एवं जनसेवक साथी सम्मिलित रहे !

## धूमधाम से मनाई गई ईद मीलाद उन नवी




ईद-ए-मिलाद उन नबी यानी बारहवफात का त्योहार रविवार को मनाया गया। इस्लाम धर्म के रसूल की आमद को लेकर मुस्लिम परिवार के लोग जश्न मनाने के साथ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुलूस निकालते हैं। इस दिन नमाज और कुरआन की आयतें पढ़ने से अल्लाह का रहम बरसता है। क्षेत्रीय मस्जिदों व जगह-जगह लोग मिलाद का आयोजन कर गरीबों को दान करने के साथ भोजन कराया जाता है।हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर बारह रबीअव्वल को जुलूस ए मोहम्मदी नया बस स्टैंड से से रविवार सुबह 11 बजे निकला जो बस्ती मुख्य मार्ग से गोलंबर तिराहा गंज बाजार,पुराना बस स्टैंड,बड़ा बाजार,खरौआ गेट इटायली गेट से निकलकर खपरिया मस्जिद पहुंची जहां जुलूस का समापन किया जहां कमेटियों की ओर से स्वागत किया एस आई ध्यानेंद्र सिंह ने कहा कि जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। क्षेत्र में शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

## नगर में निकाला गया महर्षि बाल्मीकि जयंती का जुलूस



गोहद नगर में बाल्मीकि जयंती पर भव्य जुलूस निकाला गया जोकि प्रत्येक वर्ष अश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई जाती है। पूरे भारत में महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस बार वाल्मीकि जयंती 09 अक्टूबर 2022 को मनाई गई महर्षि वाल्मीकि के द्वारा ही हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण महाकाव्य रामायण की रचना की गई थी। वाल्मीकि द्वारा संस्कृत भाषा में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन माना जाता है। संस्कृत भाषा के प्रथम महाकाव्य की रचना करने के कारण महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि भी कहा जाता है। महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर देशभर में कई जगह धार्मिक कार्यक्रम होते है, झांकियां निकाली जाती हैं उसी के तहत आज नगर के मुख्य मार्गो से भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें लगभग दो सैकड़ा से अधिक लोग शामिल हुए

## मुस्लिम समाज संगठित होकर देश में शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश सब समाज में जागृत करें : पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह

### पूर्व विधायक कुशवाह ने मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर बधाई दी और समाज ने उनको स्वाफा बांधकर किया सम्मान



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित विश्व शांति दिवई मिलादुन्नबी की ।दिली मुबारकबाद विलादत (जन्मदिवस) के खुलुस मौके पर अल्लाह से दुआ करते हैं कहा कि मुल्क-ए-हिंद को तरक्की कामयाबी और कामरानी अता फरमाए। आपस में भाईचारा, इत्तेहाद और इत्तेफाक अता फरमाए। बीमारों को बीमारी से कर्ज़दारो को कर्ज़दारी से गरीब मुफ्लिसो को गुरबत से, परेशां हाल को परेशानियों से निजात अता फरमाए आमीन सुम्मा आमीन। आपकी भागीदारी आपकी हिस्सेदारी है द्य ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से शांति व सद्भावना एवं भाईचारे का संदेश सर्व समाज में जागृत होता है पूर्व विधायक कुशवाह ने कहा कि मुस्लिम समाज के विकास के लिए हमारी केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक योजनाओं को संचालित किया है भारत के मिसाइल मैन ए जे पी अब्दुल कलाम साहब जैसे राष्ट्रपति बना कर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से अनेक वैज्ञानिक तकनीक के साथ हथियारों का निर्माण कर भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का काम काम किया है । भाई कुशवाह ने कहा हम देश में शांति है सद्भावना बनाए रखें एक दूसरे के प्रति गले लग कर भाईचारे के संदेश के साथ इस देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ने का काम करें आज के दिन यही संकल्प होगा जिसके लिए मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं मुस्लिम समाज द्वारा नयापुरा में पूर्व विधायक कुशवाह को साफा बांधकर उनका सम्मान किया और उन्हें इसी चिन्ह भी भेंट किया।

# पुलिस ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हुई चोरी का किया खुलासा

### मामले में 02 आरोपी गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे चोरी गया 15 बोरी गेहूँ वजनी करीब 7.5 क्विंटल कीमती करीब 22500/- रूपये का मशरूका जप्त




**सत्येंद्र कुमार प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** फरियादी द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम कुलगवां मडैयन की दुकान से 15 बोरी गेहूँ बजनी करीब 7.5 क्विंटल कीमती करीब 22500/- रूपये के कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अपराध क्र. 287/2022 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही थाना प्रभारी सलेहा उपनिरी0 अभिषेक पाण्डेय द्वारा उक्त घटनाक्रम की सम्पूर्ण जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई । शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हुई चोरी की वारदात को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित की गई । गठित पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतारसी कर चोरी गये मशरूका को बरामद करने के निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । मुखिबर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कल्दा मोड पर दो व्यक्ति गेहूँ बेचने के लिये आपस मे बात - चीत कर रहे हैं । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँच कर देखा गया तो मौके पर दो व्यक्ति मिले जिनसे पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ की जिनके द्वारा अपने - अपने नाम पता बताये गये पुलिस टीम द्वारा दोनो व्यक्तियों से शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हुई चोरी के संबंध कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर दोनों ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चोरी करना स्वीकार किया एवं चुराये हुये 15 बोरी गेहूँ कीमती करीब 22500/- घर में रखे होना बताया पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार 15 बोरी गेहूँ को आरोपियों के घर से बरामद किया जाकर मामले में जप्त किया गया है मामले के आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया ।

#### सराहनीय योगदान -

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि0 अभिषेक पाण्डेय, सउनि नाथूराम पाण्डेय चौकी प्रभारी कल्दा सउनि शिवेन्द्र प्रताप सिंह परिहार, सउनि रावेन्द्र सिंह मरावी, प्रआर0 रावेन्द्र पाण्डेय, अशोक सिंह रविनंन्दन सिंह परिहार, बुध्द सिंह यादव, आर मनोज त्रिपाठी, राकेश पटेल, द्वारका प्रसाद, अंकित त्रिपाठी, सुजीत सिंह. मृगेन्द्र तिवारी, संजय मिश्रा, नीतू द्विबेदी , प्रेमू सिंह , सायबर सेल पन्ना एवं डायल 100 बाहन चालक मुख्तयार का सराहनीय योगदान रहा है । उक्त पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है

## शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में प्रवेश हेतु 10 एवं 11 अक्टूबर को रजिस्ट्रेशन

**अनीता ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़ कांकेर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में प्रथम वर्ष में प्रवेश सीजी पीपीटी 2022 या 10वीं बोर्ड के आधार पर संस्थावार ऑनलाईन कांउसलिंग प्रथम चरण की प्रक्रिया के लिए 10 एवं 11 अक्टूबर तक अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन एवं डीव्हीसी कराना होगा। सीटो का आबंटन 13 अक्टूबर को किया जायेगा तथा आबंटित सीटों पर 14 से 15 अक्टूबर तक प्रवेश दिया जायेगा। वर्तमान में शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में मेकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स संचालित है। इसके साथ ही समस्त तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए डीव्हीसी उक्त तिथियों में होंगी। अधिक जानकारी के लिए संचालनालय तकनीकी शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।



# हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाए एवं यातायात नियमों का पालन करें

**रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार आज दिनांक 08.10.2022 को पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश कुमार गर्ग और नगर पुलिस अधीक्षक श्री निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी श्री ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न पेट्रोल पंप एवं ऑटोमोबाइल शोरूम पर जाकर पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑटोमोबाइल शोरूम मैनेजर से संपर्क कर बताया कि पेट्रोल पंप स्टाफ एवं शोरूम स्टाफ हेलमेट लगाकर ही दोपहिया वाहन चलाए एवं यातायात नियमों का पालन करें7 सूबेदार धाकड़ ने पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑटोमोबाइल शोरूम मैनेजर से अपील की कि पेट्रोल







पंप पर पेट्रोल लेने आने वाले ग्राहकों को भी फ्लेक्स-बैनर- पोस्टरों के माध्यम से हेलमेट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया जाए जिससे दोपहिया वाहन चालक सुरक्षित यात्रा कर सकें 7 तत्पश्चात यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कोतवाली चौराहे पर विशेष अभियान के तहत चालानी कार्रवाई कर कुल 10 चालान बनाए जिनसे कुल ? 2750 समन शुल्क वसूला गया 7 यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने वाले वाहन चालकों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी इस जागरूकता अभियान एवं चालानी कार्यवाही के दौरान प्रधान आरक्षक 593 राधेश्याम राठौर, आरक्षक 864 जितेंद्र आरक्षक 861 सत्येंद्र ,आरक्षक 344 कृष्णकांत, सैनिक 478 मेहरबान ,सैनिक 257 रमेश आदि स्टाफ उपस्थित रहा 7

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जल्द 100% मुआवजा दे सरकार -कैलाश कुशवाह

### पोहरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कैलाश कुशवाह ने किया अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी** -खबर जिले की तहसील पोहरी विधानसभा क्षेत्र से है जहां बीते कई दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे पूर्व बसपा प्रत्याशी कैलाश कुशवाहा ने अतिवृष्टि से किसानों की सोयाबीन और अन्य फसलों के हुए नुकसान को देखते हुए कहा है कि सरकार जल्द से जल्द किसानों की हुए नुकसान का 100त्र मुआवजा दें साथ ही बसपा नेता कैलाश कुशवाहा ने बताया कि वह सरकार में बैठे प्रतिनिधियों से चर्चा कर किसानों के हुए भारी नुकसान को जल्द ही दिलवाने की कोशिश करेंगे बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी विधानसभा के साथ साथ पूरे जिले की सोयाबीन की फसल अधिकतर नष्ट हो चुकी है वैसे तो ज्यादातर सभी किसानों की फसल नष्ट हो चुकी है और सभी के साथ परेशान और हताश है कुदरत के कहर से निपटने के लिए गरीबों के नेता और सब को अपना अधिकार दिलवाने वाले बसपा के पूर्व प्रत्याशी कैलाश कुशवाहा ने मौके पर जाकर कई गांव में खेतों तक के दौरे किए और खेतों में जाकर उनकी फसलों को देखा जो की पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं अब समस्या यह है कि किसानों के द्वारा वही गई इस फसल मैं लाखों रुपए की लागत लगाने के बाद जब किसान को इतना भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ेगा तो कई आत्महत्याओं का कारण बन सकता है इन सब कारणों को रोकने के लिए पूर्व पूर्व प्रत्याशी कैलाश कुशवाहा ने सरकार से अपील की है कि वह जल्द से जल्द 100त्र मुआवजा देकर किसानों के चेहरों पर खुशी लाए।

## संस्कृत उत्सव प्रतिभा पुरूस्कार का किया आयोजन

### महेंद्र मुणोत ने मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू-** सम्यक प्रतिष्ठान द्वारा राजा राजेश्वरी नगर स्थित कैलाश आश्रम महा संस्थान के मीनाक्षी कल्याण मंडप में संस्कृत उत्सव प्रतिभा पुरस्कार



वितरण समारोह का आयोजन किया गया संत श्री जयेंद्र पुरी महास्वामी ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा संस्कृत सबसे समृद्ध भाषा है हिंदू जैन एवं बौद्ध धर्म के ग्रंथों की रचना संस्कृत भाषा में है संस्कृत के संवर्धन का प्रयास हम सब का कर्तव्य है मुख्य अतिथि कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बी गिरीश चंद्र एवं महेंद्र मुणोत ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया विदुषी डॉक्टर वीबी आरती ने संस्कृत भाषा पर प्रकाश डाला इस अवसर पर सुधर्म संस्कृत पत्रिका की संपादक विदुषी जयालक्ष्मी संपत कुमार को सम्मानित किया गया मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति संस्कृत भाषा के संवर्धन के प्रयास में उम्मीद की नई किरण है।

## आदिकवि महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण से प्रेरणा लेकर समाज को बनाना है समरसता का शक्तिपुंजः आचार्य बृजमोहन शर्मा

### गोहद नगर में धूमधाम से मनाई गई आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**


**गोहद** – भिंड। दिनांक 9 अक्टूबर शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गोहद नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें सभी समाजों के सैकड़ों से लोग एकत्र हुए चल समारोह इटायली गेट गोहद से प्रारंभ होकर सदर बाजार पुराना बस स्टैंड होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से गुजर कर महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर पूर्णता को प्राप्त हुआ इस भव्य चल समारोह में विभिन्न संतो एवं भव्य झांकियों को सजा कर चल समारोह के साथ ले जाया गया समारोह से पूर्व समाज बंधु एवं संत गण बाल्मीकि मंदिर एकत्र हुए जहां पर भगवान महर्षि वाल्मीकि के पूजन आराधना और आरती के साथ-साथ समाज के श्रेष्ठ जनों द्वारा संतों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच गोहद के कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के और विभिन्न समाजों



के दायित्व वान कार्यकर्ता और समाज बंधु उपस्थित रहे महर्षि मंदिर पर भव्य चल समारोह से पूर्व मुरैना विभाग के सामाजिक समरसता प्रमुख आचार्य बृज मोहन शर्मा द्वारा आदिकवि महर्षि बाल्मीकि व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकाश डालते हुए कहा गया की आदि कवि वाल्मीकि ने करुणा से प्रभावित होकर मां सरस्वती की प्रेरणा और देवर्षि नारद की सलाह पर सप्त कांड वाले रामायण महाकाव्य की रचना की थी संस्कृत का यह काव्य प्रथम लौकिक महाकाव्य माना जाता है जिसमें राम के चरित्र के वर्णन के साथ साथ तत्कालीन समाज व्यवस्था और समरसता विश्व बंधुत्व चारित्रिक आदर्श का वर्णन देखने को मिलता है तत्कालीन कुलाधिपति बालिका आश्रम ज्ञान विज्ञान और कला का केंद्र तो था सामाजिक समरसता की पराकाष्ठा का केंद्र था बाल्मीकि प्रेरणा का चरित्र काव्य रामायण जी वह महाकाव्य है जिसने राम को आदर्श चित्र के साथ साथ समरसता का महापुरुष बनाकर संसार के समक्ष खड़ा किया हमें महर्षि बाल्मीकि के चरित्र का विषय प्रेरणा लेकर समाज को समरसता का पुंज बनाने की आवश्यकता है।

## सिलेंडर में आग लगने से झुलसे जुगल जैन की उपचार के दौरान निधन

**अरुण कुशवाह रिपोटर पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी** कोलारस विधानसभा अंतर्गत आने बाले रन्नौद थाना क्षेत्र के अकाझिरी में कुछ दिन पूर्व सिलेंडर में आग लगने से झुलसे जुगल जैन का उपचार के दौरान दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में हुआ निधन जुगल अपने पीछे दो बच्चों को छोड गये है

## ग्राम बडेरा गोहद में मनाई बाल्मिकी जयंती

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** किसान मोर्चा मंडल चितोरा के उपाध्यक्ष रूपसिंह बघेल से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति अनुसार नव नियुक्ति अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल चितोरा के श्री हेमसिंह गोयल ने



ग्राम वासियो के साथ बाल्मीक जयंती बडेरा गोहद में मनाई गयी। इस अवसर पर जनजाति मंडल चितोरा के अध्यक्ष हेमसिंह, राजकुमार, मानसिंह अजय सिंह, खेरसिंह नेता जी विशेष रूप से उपस्थित रहे ग्राम वासियो ने पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। हेम सिंह अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल चितोरा ने बाल्मीक जयंती के अवसर पर जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा महापुरुषो से हमे शिक्षा मिलती है हमलोग अनुसरण करे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियो एवं उपस्थित महानुभावो के पृति आभार व्यक्त किया।

## देवेंद्र नगर में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर झांकियां निकालकर जश्न मनाया गया

**रिपोर्टर घनश्याम शर्मा पुष्पांजली टुडे**



**पन्ना।** देवेंद्र नगर अंतर्गत मुस्लिम समुदाय द्वारा अपने धर्म को मानते हुए एवं मस्जिद समिति द्वारा झांकियां एवं रैली के माध्यम से जश्न मनाया गया जिसमें पुलिस प्रशासन का एवं नगर परिषद प्रशासन का पूरी तरह सहयोग रहा मुस्लिम समुदाय द्वारा लोगों को मिठाई खिलाई गई झांकियां निकाली गई और इस जश्न को बड़े हर्षोल्लास के साथ पूरे नगर में झांकियां निकाल कर मनाया गया

## शिवपुरी पुलिस द्वारा अभियान प्रहार के चलते अबैध शराब एवं मादक पदार्थों का नशा करने एवं बेचने बालों पर की जा रही है कार्यवाही ।

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-मध्य प्रदेश शासन द्वारा अवैध मादक पदार्थो के उपयोग एवं विक्रय पर पूर्णतः पाबंदी लगाने हेतु प्रदेश की पुलिस को निर्देशित किया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनुभाग स्थर पर संबंधित एसडीओपी के नेतृत्व मे अभियान प्रहार चलाया जा रहा है, अभियान कल दिनांक 08.10.2022 से प्रारंभ किया गया है जिसमे कल से अभी तक कार्यवाही करते हुये पुलिस द्वारा अबैध मादक पदार्थ बेचने एवं नशा करने बालों पर कड़ी कार्यवाही की गई है । शिवपुरी पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले, शराब बेचने वाले, नशा बेचने वालों एवं अवैधानिग गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले गुंडे बदमाशों के विरुध्द घेराबंधी कर एक विशेष सर्च ऑपरेशन किया गया । जिसमें अलग अलग क्षेत्रों में 09 आरोपी आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए, शराब पीकर वाहन चलाते 02 लोगों को पकड़ा, जिले मे अबैध मादक पदार्थों के सेवन करने बाले सम्भावित 16 स्थानों को चैक किया गया एवं जिले मे 32 होटल ढावों को चैक कर कार्यवाही की गई । इस अभियान में पुलिस की टीमों के द्वारा देर रात तक बैठकर नशा करने व बेचने वालों के अड्डों पर दबिश दी गई । बस्तयों में व मोहल्लो में अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही की गई । देर रात आवारा घूमने वाले असामाजिक तत्वों के विरुध्द कार्यवाही की गई । पुलिस द्वारा लोगों को नशा के बिरुद्ध कार्यवाही मे सहयोग करने व नशा नहीं करने के संबंध मे सपथ दिलाई ।

## रामायण महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई

**राकेश परिहार,पिछोर** भाजपा



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव एवं डॉक्टर वीर सिंह सागर जिला अध्यक्ष शिवपुरी के निर्देशानुसार रामायण के महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती आज नगर परिषद पिछोर में मनाई गई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे कौशल किशोर शर्मा किसान मोर्चा जिला महामंत्री विशेष अतिथि हैप्पी गुप्ता युवा मोर्चा जिला शिवपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल राहोरा अध्यक्षता में कार्यक्रम जयंती मनाई गई।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा अभियान प्रहार के चलते अबैध शराब एवं मादक पदार्थों का नशा करने एवं बेचने बालों पर की जा रही है कार्यवाही

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-मध्य प्रदेश शासन द्वारा अवैध मादक पदार्थो के उपयोग एवं विक्रय पर पूर्णतः पाबंदी लगाने हेतु प्रदेश की पुलिस को निर्देशित किया है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनुभाग स्थर पर संबंधित एसडीओपी के नेतृत्व मे अभियान प्रहार चलाया जा रहा है, अभियान कल दिनांक 08.10.2022 से प्रारंभ किया गया है जिसमे कल से अभी तक कार्यवाही करते हुये पुलिस द्वारा अबैध मादक पदार्थ बेचने एवं नशा करने बालों पर कड़ी कार्यवाही की गई है । शिवपुरी पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले, शराब बेचने वाले, नशा बेचने वालों एवं अवैधानिग गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले गुंडे बदमाशों के विरुध्द घेराबंधी कर एक विशेष सर्च ऑपरेशन किया गया । जिसमें अलग अलग क्षेत्रों में 09 आरोपी आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए, शराब पीकर वाहन चलाते 02 लोगों को पकड़ा, जिले मे अबैध मादक पदार्थों के सेवन करने बाले सम्भावित 16 स्थानों को चैक किया गया एवं जिले मे 32 होटल ढावों को चैक कर कार्यवाही की गई । इस अभियान में पुलिस की टीमों के द्वारा देर रात तक बैठकर नशा करने व बेचने वालों के अड्डों पर दबिश दी गई । बस्तयों में व मोहल्लो में अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही की गई । देर रात आवारा घूमने वाले असामाजिक तत्वों के विरुध्द कार्यवाही की गई । पुलिस द्वारा लोगों को नशा के बिरुद्ध कार्यवाही मे सहयोग करने व नशा नहीं करने के संबंध मे सपथ दिलाई ।

## प्रेम और एकता का संदेश देते ईद ए मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

**रिपोटर हेमचंद नागेश पुष्पांजली टुडे**

**देवभोग**-चमन-चमन, कली-कली, अली अली अली इश्क मोहब्बत-इश्क मोहब्बत आला हजरत-आला हजरत..., सरकार की आमद मरहबा-आका की आमद मरहबा... की गूंज से देवभोग क्षेत्र गुंजायमान हो गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन यानी ईद ए मिलादुन्नबी पर रविवार को जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही जलूस में पहुंचे। जुलूस में तिरंगा और झंडे लेकर चल रहे थे। जुलूस मस्जिद से शुरू होकर देवभोग के गली चौराहा होते हुए देवभोग के हृदय स्थ्ल से गुजरा। युवाओं ने जगह-जगह रुककर मोहम्मद साहब के नारे लगाए। इस दौरान तकरीर की और मुल्क व नगर में अमन-चैन की दुआ मांगी। मोहम्मद साहिब के जन्मदिन पर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस निकलते ही देवभोग कि वातावरण सुगंधित हो गई प्रतित हो रहा था जैसे कोई सकारात्मक ऊर्जा चारों तरफ विद्यमान हो रहा हो। देवभोग मे मुस्लिम समुदाय एकता व भाईचारे के प्रतीक माने जाते हैं। निसाहय , गरीब , निश्कत लोगों के सेवा के लिए हमेशा कदम से कदम मिलाकर चलते है। देवभोग मुस्लिम समुदाय हमेशा से क्षेत्र मे अच्छे कार्य व सेवा कार्य में हाथ बटाने के लिए मुख्य रूप से जाने जाते हैं। अमन चैन और भाईचारे के साथ क्षेत्र में हमेशा से देवभोग मे मुस्लिम समुदाय एक अनोखा संदेश के साथ क्षेत्र के लोगों के हृदय मे बसा हुआ है।



# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा ने निकाला चल समारोह

## समाज हित में युवाओं का प्रयास सराहनीय : ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर








### क्षत्रिय समाज के सैंकड़ों युवा हुए शामिल, जय श्री राम के नारों से गुजायमान हुआ माहौल

ग्वालियर। श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा चल समारोह निकाला गया, जो किलागेट से प्रारंभ होकर तानसेन नगर स्थित वैश्य गार्डन में सम्पन्न हुआ। जिसमें सैंकड़ों की संख्याओं में युवाओं ने भागीदारी की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्मन सिंह तोमर ने कहा कि समाज हित में युवाओं के द्वारा निकाला गया चल समारोह सराहनीय है। मैं इसकी प्रशंसा करता हूं। समाज के सभी बंधु एक हों और समाज हित में मिलकर कार्य करें। आज युवाओं द्वारा जो प्रयास किया गया है मैं उसकी प्रशंसा करता हूं और इनके साथ हूं।

श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजू सिकरवार ने कहा कि हमारी युवा टीम समाज के हित में मिलकर कार्य करेंगे। समाज में जो गरीब तबके के लोग हैं उनके बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा और गरीब कन्याओं के विवाह समारोहों का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में समाज में उत्कर्ष कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशेक सिंह भदौरिया, सौरभ तोमर, नीटू सिकरवार, श्यामू बैस, सर्वेस भदौरिया, उपेन्द्र भदौरिया, राजू तोमर, भूरी तामर, प्रदीप सिकरवार, अर्जुन सेंगर, भोला चौहान, लल्ला तोमर, रॉबर्ट सिकरवार, रवि जादौन, मोनू भदौरिया, मनीष सिकरवार, गप्पू वैश्य, शिवराज सिकरवार, अभिषेक सिकरवार, रवि जादौन, प्रशांत जनवार, प्रशांत तोमर सहित सैंकड़ों युवा मौजूद थे।

# अमित शाह के दौरे से पहले पुलिस अलर्ट

### गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने अपराध समीक्षा की,अमित शाह के दौरे पर पुख्ता इंतजाम के दिये निर्देश

ग्वालियर। रविवार को गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष ग्वालियर सभागार में ग्वालियर जिले की कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चम्बल जोन राजेश चावला, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्रीमती मृगाखी डेका ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया, अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) गजेन्द्र वर्धमान के अलावा ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र का पुलिस महानिदेशक चम्बल जोन तथा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तद्उपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से मंत्री जी को ग्वालियर जिले में घटित हुए भादवि के अपराधों का त्रिवर्षीय तुलनात्मक चार्ट के माध्यम से अपराधों में हुई कमी तथा माइनर एक्ट एवं पुलिस द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही से अवगत कराया गया। जिसमें ग्वालियर जिले में विगत तीन वर्षों की तुलना में इस वर्ष सभी गंभीर अपराधों में कमी परिलक्षित हुई है। ग्वालियर पुलिस द्वारा माह जनवरी 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब तस्करों के खिलाफ की गई प्रमुख कार्यवाहियों को बताया गया।



बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि जिले में बाहर से आकर रहने वाले किराएदारों की उनके स्थायी निवासों पर उनके आचरण की सम्बंधित पुलिस थानों से सत्यापन/तस्दीक करायी जा रही है। उन्होने बताया कि वर्तमान में ग्वालियर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है, जिले में सोशल साइट्स एवं अन्य प्लेटफार्म पर धर्म-विशेष को लेकर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा टीका-टिप्पणी के सम्बंध में भी सतत् निगरानी रखी जा रही है। हाल ही में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत ग्वालियर पुलिस द्वारा बदनापुरा में सर्च ऑपरेशन चलाकर चार नाबालिग लड़कियों को दस्तयाब कर सीडब्लूसी के सुपुर्द किया गया। इसके संबंध में भी मंत्री जी को अवगत कराया गया।

#### शाह के दौरे पर पुख्ता इंतजाम के निर्देश

पुलिस अधीक्षक द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री के ग्वालियर भ्रमण के दौरान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मंत्री जी को ग्वालियर जिले की समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिनमें पुलिस के कण्डम हो चुके वाहनों के स्थान पर नये वाहनों की आवश्यकता, ग्वालियर जिले में डीएसपी एवं आरक्षकों के रिक्त पदों से भी अवगत कराया गया।

## ऊर्जा मंत्री तोमर निर्माणाधीन सड़क का निरिक्षण किया



ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को फूलबाग़ से सेवानगर तक निर्माणाधीन सड़क का पैदल चलकर निरिक्षण किया । निरिक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नगर निगम अधिकारियों को सड़क निर्माण, डिबाईडर निर्माण को लेकर निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने निगम अधिकारियों को जल निकासी को लेकर बातचीत की और निगम अधिकारियों से कहा कि सड़क अच्छी गुणवत्ता से बनाई जाए। इस दौरान नगर निगम के सहायक यंत्री सुशील कटारे, पार्षद सोनू त्रिपाठी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सड़क निर्माण का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पोल शिफ्टिंग का जो कार्य शेष बचा है, उसे यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। बरसात रूकते ही कार्य को और गति देने के भी निर्देश दिए गए।

# नशे में फिसली जुबान, खुला डबल मर्डर

### पत्नी-बेटे की हत्या कर दतिया का बदमाश ग्वालियर में रह रहा था, मयखाने में फूटा भांडा

ग्वालियर। ग्वालियर में मयखाने में नशे धुत एक युवक की जुबान क्या फिसली क्राइम ब्रांच ने डबल मर्डर का खुलासा कर दिया। नशे में अपनी होशियारी दिखाते-दिखाते बदमाश कह गया मैंने पत्नी-बेटे को मार डाला। आज तक पुलिस को पता लगा। यह बात क्राइम ब्रांच के एक जवान के मुखबिर ने सुन ली। इसके बाद क्या था, पुलिस ने युवक को लिफ्ट कर क्राइम ब्रांच लाकर पूछताछ की तो उसने साल 2020 में पत्नी की हत्या कर रतनगढ़ के जंगल में शव जला देने की बात कही।

मार्च 2022 में 8 साल के बेटे की हत्या कर फेंक देने की बात कुबूल की है। दोनों हत्या दतिया के भांडेर रोड की बताई गई हैं। इसके बाद क्राइम ब्रांच राजा उर्फ शिवराज चौहान निवासी होरीपुरा दतिया हाल निवासी त्यागी नगर काशीपुरा को दबोच लिया। क्राइम ब्रांच की सूचना पर उसे लेकर दतिया पुलिस लेकर रवाना हो गई है।

एएसपी क्राइम राजेश डंडोतिया ने बताया कि पत्नी और बेटे की हत्या करने वाले एक आरोपी को क्राइम ब्रांच व दतिया पुलिस ने दबोचा है। आरोपी ने दो साल पहले अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या की थी और मार्च 2022 में अपने आठ वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या की थी। इसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच व दतिया पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में उसे दबोच लिया है। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आरोपी ने दो शादी की थीं, जिसमें पहली शादी आस्था उर्फ गुड़िया व दूसरी शादी मनीषा से की थी। आस्था से उसका एक बेटा शिवाजी (8 साल) का है। वर्ष 2020 से आस्था उर्फ गुड़िया लापता है, लेकिन आरोपी ने उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई है।



#### कुछ इस तरह हुआ खुलासा

आरोपी दो दिन पहले एक मयखाने में बैठकर शराब पी रहा था और शराब पीते समय उसने अपनी पत्नी और बेटे की हत्या की बात कही और कह रहा था कि वह दूसरी पत्नी की भी हत्या करेगा। उसकी यह बातचीत क्राइम ब्रांच के मुखबिर ने सुनी और क्राइम ब्रांच अफसरों को जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच अफसरों ने उसे उठाया और सामने बैठाकर पहले उसका नशा उतारा फिर हत्या की पूरी कहानी सीधे-सीधे बताने को कहा। राजा समझ गया और उसने बिना देर किए पूरी कहानीं बयां कर दी। मामले का खुलासा होते ही दतिया पुलिस से जानकारी मंगाई तो पत्नी के गायब होने और बेटे का मर्ग कायम होना पता चला।

#### रतनगढ़ के जंगल में की थी पत्नी की हत्या

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बेटे की हत्या उसने उड्नू की टोरिया के पास गला घोंटकर हत्या की थी और झाड़ियों में उसकी लाश फेंक आया था, जबकि पत्नी आस्था को वह स्कूटर से रतनगढ़ की माता मंदिर पर ले गया था और जंगल में उसकी हत्या कर लाश को फेंक कर जला आया था। वारदात को अंजाम देने के लिए उसने अपने दोस्त का स्कूटर लिया था।

# व्यक्ति का अच्छा व्यवहार और स्वभाव जीवन भर अच्छा लगता है: मुनिश्री

### भगवान जिनेंद्र अभिषेक के उपरांत दीपकों से महाआरती की गई

ग्वालियर। कोई भी व्यक्ति आकर्षक और प्रभावी व्यक्तित्व का मालिक सुंदर पहनावे से नहीं, अपितु सुंदर जीवन-शैली से होता है। अगर हमारे जीवन में अच्छे गुण हैं तो हम सदा दूसरों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। याद रखिए, गोरा रंग दो दिन अच्छा लगता है, ज्यादा धन दो माह अच्छा लगता है, पर अच्छा व्यवहार और स्वभाव जीवन भर अच्छा लगता है। प्रभावी व्यक्तित्व हमारे भीतर छिपा है। इसे बाहर से लाना नहीं है अपितु अपने भीतर से उजागर करना है। याद रखिये, दुनिया के हर पत्थर में एक बेमिसाल प्रतिमा छिपी रहती है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।



#### महा शांतिधारा कराई

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पंडित ज्योतिचार्य डॉ हुकुमचंद जैन के मार्ग दर्शन में श्रावकों ने पीले वस्त्रों में भगवान आदिनाथ का कलशों से जयकारों के साथ किया। मुनिश्री ने अपने मुख्यबिंद से मंत्रो का उच्चारण कर श्रावकों ने भगवान जिनेन्द्र के मस्तक पर बृहद शांतिधारा की। वही भगवान जिनेंद्र की दीपकों से महा आरती की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सक्रिय कार्यकर्ता किसी भी संस्था की रीढ़ होते हैं: अशोक खंडेलवाल

**वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान का कार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न**

ग्वालियर। ''संस्थान आपका है इसे उत्तरोत्तर बढ़ाने में अपना सहयोग दें और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें''। उक्त उद्गार वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल ने आज आदिश्वर धाम पनिहार में आयोजित संस्थान के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में व्यक्त किए महामंत्री संजय भार्गव ने अनुशासन और प्रोटोकॉल बनाए रखने पर जोर दिया जबकि संस्थापक सदस्य एस के गुप्ता ने जीवन को आनन्दप्रद और सार्थक बनाए रखने की सलाह दी । इस अवसर पर समर्पण संस्था के डॉ के के अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के निमित्त अगले वर्ष तक एक ऐसा भवन तैयार होने की बात कही जिसमें वरिष्ठ-कनिष्ठ एवं जरूरतमंद महिलाएं भी आश्रय ले सकेंगीं । आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्त्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए रेलवे कन्शेसन, पेंशन, संस्थान द्वारा बनाए जाने वाले परिचय-पत्र, पूर्व में आयोजित होते रहे चिकित्सा शिविर एवं संस्थान की अन्य प्रतिष्ठापूर्ण गतिविधियों को फिर से संचालित करने, टीम गठित करने के सुझाव प्रेषित किए । जिला कार्यसमिति सदस्य जॉसेफ अलेक्जेंडर ने सुझाव दिया कि संस्थान के नाम का संदेश ऐसा हो जिससे युवावर्ग भी आकर्षित होकर हमारे साथ जुड़े और वरिष्ठजनों की सेवा करे । संयोजक डॉ मुकेश जैन ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी पं. के के तिवारी ने किया ।

### बाल्मिक समाज की कन्याओं का किया पूजन

ग्वालियर । स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बाल्मिक समाज की कन्याओं का पूजन बाल्मिकी बस्ती मैं जाकर किया एवं कन्याओं के पैर धो कर उनके चरणों का चरणामृत लिया रोली चंदन से टीका किया फूलो की माला पहनाई और उपहार भी दिए ,समिति द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं समिति द्वारा गणेश महोत्सव के अवसर पर जन जागरण अभियान चलाया गया एवं सभी शहर वासियों से आग्रह किया गया को घर पर मिट्टी के गणेश जी की स्थापना करें और इसी के साथ ही समिति द्वारा निशुल्क गणेश प्रतिमा का भी वितरण किया गया इसके साथ ही अभी समिति द्वारा हर रविवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वह सिंगल उस प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल बंद कर दें और कपड़े के थैले का प्रयोग करें समिति द्वारा 12 हफ्ते से लगातार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है समिति द्वारा अभी तक 10000 से ज्यादा थैला का वितरण किया गया है।

### 130 वारंटी गिरफ्तार

ग्वालियर। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देश पर ग्वालियर जिले में बीती दरमियानी रात्रि शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में कांबिग गश्त किया गया। इस दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्रीमती मृगाखी डेका व अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया तथा ग्वालियर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के कॉम्बिंग गश्त किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कॉम्बिंग गश्त का जायजा लिया और पुलिस द्वारा की जा रही कॉम्बिंग गश्त के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये। ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति के तहत अभियान चलाकर केवल 4 घण्टे में ही ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई थी। इसी क्रम में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए दरमियानी रात्रि में ग्वालियर पुलिस के अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ थाना बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान उनके द्वारा फरारी ईनामी बदमाशों, वारंटियों, गुण्डों, हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चैकिंग की गई। इस गश्त के लिये पुलिस अधिकारियों द्वारा टीमें बनाकर शहर व देहात क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील इलाकों में भी गश्त की गई। इस दौरान जिले में 88 गिरफ्तारी वारंट, 42 स्थाई वारंट तामील कराये गये। साथ ही132 गुण्डा एवं 136 हिस्ट्रीशीटरों को चैक किया गया। साथ ही अवैध शराब की तस्करी करने वाले 63 व्यक्तियों, सट्टा खिला रहे 4 सटोरियों तथा जुआ के 2 प्रकरणों में आरोपियों को भी पकड़ा गया। पुलिस की इस कार्यवाही से जिले के बदमाशों में हडकंप देखने का मिला।

### महाऋषि बाल्मिक के आदर्शो को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपनाया

**गांधी चौपाल में भाईचारें का सदेंश बताया : साहब सिंह गुर्जर**

ग्वालियर। मध्यप्रदेश कॉग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आदेश पर आज ब्लाक कॉगेंस कमेटी बेरजा में मध्यप्रदेश कॉग्रेंस कमेटी के महासचिव साहब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में एवं ग्वालियर के प्रभारी महेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में महाऋषि बाल्मिक जायंती एवं गांधी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाऋषि बाल्मिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण कर रघुपति राघव राजाराम पति प्रतावन सीताराम के गायन के भजन के साथ बाल्मिक समाज के बुर्जुगों एवं समाज सेवीयों को माला व सौल उड़ाकर सम्मनित किया गया। महाऋषि बाल्मिक जायंती एवं गांधी चौपाल में उपस्थित नागरिकों को सम्बोधित करते हुये मध्यप्रदेश कॉग्रेंस के महासचिव साहब सिंह गुर्जर ने कहा कि 14 ग्रामीण ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में महाऋषि बाल्मिक जायंती मनाकर गांधी चौपाल लगाकर ये सदेंश कॉग्रेंस दे रही है कि महाऋषि बाल्मिक के आदर्शो को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपनाया है, और कॉग्रेंस में सबको साथ लेकर सर्व धर्म सदभव के मूल मुदे के साथ भाईचारें को कायम रखा है। गांधी चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में किसान, खेती और मजदूर पंच सरपचों और नागरिकों के साथ ये सदेंश देना है कि हम सब एक है और एक रहेगें और मिलकर क्षेत्र का विकास करेगें।

### सखवार समाज के सेवानिवृत अधिकारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

ग्वालियर। कमल विहार सखवार समाज धर्मशाला हरिखेड़ा मुरार ग्वालियर में रविवार को सखवार समाज के सेवानिवृत अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत मुख्य अभियंता आर एल भारतीय, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री बी एल दादौरिया, सहायक यंत्री आर आर मेहदौरिया, आबकारी अधिकारी आर पी किरार तथा सेवानिवृत मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन एल करौलिया का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में सेवानिवृत उक्त पाँचों अधिकारियों ने अपने संबोधन में पूरे सेवाकाल के अपने अनुभव साझा किए। साथ ही समाज द्वारा किए गए सम्मान के लिये कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित सेवानिवृत जज आर एल करौलिया, अपर संचालक जनसंपर्क जी एस मौर्य, डॉ. बी एस जम्होरिया, सेवानिवृत तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह, बीईओ सीताराम डण्डौतिया, सेवानिवृत प्राचार्य रामरतन कदम, सेवानिवृत आरआई बी एस उच्चारिया, सेवानिवृत कमाण्डेंट रामसेवक डण्डौतिया, शिक्षक गोपाल सिंह तथा सेवानिवृत डीईओ रामशंकर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उक्त वक्ताओं ने सेवानिवृत अधिकारियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इन अधिकारियों के स्वस्थ एवं सुखी जीवन तथा दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही सेवानिवृति के बाद समाजसेवा के कार्यो में अपना अमूल्य सहयोग देने की अपेक्षा की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478